जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 14 अक्टूबर, 2023


## Depreciation Free Diwali

मोबाइल, इलेक्ट्रोनिक गेजेट्स या कार नहीं

# खरीदो कोठी 10 लाख Appreciation वाली



FIXED PRICE

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | दिवाली बाद की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | | | | POSSESSION DEC. 2025 |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 49.50 LACS | 54 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 LACS | 60 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60.50 LACS | 66 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 66 LACS | 72 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 77 LACS | 84 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 110 LACS | 120 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**किसी पूर्वतन ख्याति का उत्तराधिकार प्राप्त करना एक संकट मोल लेना है।**
**–टैगोर**

# गोविन्दम भज मूड़मते

उपरोक्त स्त्रोत्र को भारतीय परिपेक्ष में उद्धिरत करते हुए यह लेख मैं उस समुदाय के लिए लिखने का प्रयास कर रहा हूँ, जिन्हें सरकारी योजनाओं में कोई संरक्षण प्राप्त नहीं है। यह समुदाय है उन उपेक्षित देश के नागरिक छात्रों का जिन्हें अपने ही देश में उच्च शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पाती है। फलस्वरूप ऐसे हज़ारों छात्र विवश होकर अन्य छोटे देशों में अपने परिवारीय संपत्ति को बेदखल कर या गिरवी रख विशेष शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रति वर्ष देश से पलायन करते हैं। प्रदेश अथवा केंद्र सरकार को ऐसे छात्रों से न तो कोई वास्ता और न कोई उनकी सुध लेने वाला। इतना ही नहीं सरकार के पास इस बावत न कोई आंकड़े कि किन देशों में भारत के कितने छात्र शिक्षा प्राप्ति के लिए गए हुए हैं।

लेख का शीर्षक एक स्त्रोत्र है जिसे आज से सैकड़ों वर्ष पहले आदि शंकराचार्य ने प्रतिपादित किया था। पूरा स्त्रोत्र इस प्रकार है–**''भज गोविन्दम भज गोविन्दम गोविन्दम भज मूड़मते''**। संदर्भित स्त्रोत्र उन मूड लोगों को जगाने के लिए कहा गया जो किसी काम के नहीं, निठल्ले, कर्महीन, दिशाहीन, आलस्य से ग्रसित, विचारहीन, आदि उनसे अपेक्षा की गई है कि यदि वे किसी काम के नहीं और कुछ नहीं कर सकते तो गोविन्द को भजो, गोविन्द में ही समय लगाओ।

मेरे इस लेख में तीन पक्ष हैं जिन्हे हम मूड वर्ग में सुगमता से श्रेणीबद्ध कर सकते हैं। 1. पहला पक्ष है– प्रादेशिक एवं केंद्रीय सरकारें जो निति निर्धारण करती हैं देश के विकास और जनता की कुशलता और जीवन सुगम बनाने के लिए। इनके साथ सदैव सहायता और उनके जी हज़ूरी करने वाला प्रशासनिक हजूम। 2. दूसरा पक्ष है पढ़ने की आकांशा रखने वाले युवा छात्र, जिन्हें आज़ादी के सात दशक बाद भी वांछित शिक्षा की उपलब्धता अभी तक नसीब नहीं, जिससे पीड़ित होते हुए कुछ नहीं कर सकते, सिवाय कही मज़दूरी अथवा किसी अन्य देश में जाकर कोई काम अथवा पढ़ाई आर्थिक सम्बल संसाधन उपलब्ध होने पर और 3. तीसरा पक्ष है आम जनता जो अब गांव व् शहरी क्षेत्रों में समान रूप से निवास करती है और विभिन्न प्रकार के उद्धयमों में संलग्न होकर अपना और अपने परिवार का जीवकोपार्जन करती है और सरकार की तिजोरी को बिना किसी भेदभाव से नियमानुसार भर्ती रहती है चाहे उनके परिवार पर बड़े से बड़े संकट आते हों।

ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक, पंचायतें, सहकारी समितियां, नगर पालिकाएं, तहसील और रेवेन्यु विभाग, पुलिस महकमा और उसका अमला, ट्रांसपोर्ट, सड़क परिवहन, आदि अनेक बड़े–बड़े अमले हैं जो उस धन से पोषित होते हैं जिसे विभिन्न टेक्सों द्वारा आम जनता सरकार तो चुकाती है। यही जनता और यही युवा छात्र अपने क्षेत्र के लिए जन प्रतिनिधि चुनते हैं सच कहें तो उन्हें विबस होना पड़ता है चुनने के लिए, नागनाथ और सांपनाथ में से।

> **बाबू जयप्रकाश नारायण ने सत्तर के दशक में ऐसे ही युवा लोगों से देश की सरकार को धराशाही कर दिया था और उसी दशक में जोर्ज फर्नाडिश में अकल्पित रेल हड़ताल सफल की, जिसकी मिशाल कही नहीं मिलती। सरकार कभी भी किसी भी मसले पर लोजिक से नहीं मानती बल्कि दबाव से कुछ ही समय में चित्त हो जाती है।**

रूस–यूक्रेन युद्ध आरम्भ होने पर वहां पढ़ रहे हज़ारों छात्रों को प्रधान मंत्री और केंद्र के कई वरिष्ठ मंत्रिओं की मदद से काफी मस्कत से यूक्रेन से निकाल भारत लाया गया, तब पता लगा कि भारत के इतने छात्र अपने खर्चे पर छोटे–छोटे देशों में जाकर शिक्षा प्राप्त करते हैं। जिसने भी यह जाना उसने सरकार को लानत दी कि यह कैसा देश है जहाँ के गरीब छात्र छोटे देशों में वांछित सुविधा और शिक्षा के लिए वित्तीय जुगाड़ कर बाहर चले जाते हैं। देश में प्रधान मंत्री और सभी मंत्रिओं में से किसी के दिमाग में यह नहीं आया कि भारत में इन बच्चों को विशेष शिक्षा की सुविधा उपलब्ध क्यों नही?

मैं बता देता हूँ कि शिक्षा तो उपलब्ध है लेकिन पर्याप्त नहीं, और जो उपलब्ध सुविधा है उसमें अधिकांश हिस्सा प्रतिभा विहीन छात्र किसी न किसी आधार (आरक्षण) पर ले लेते हैं। मैंने देखा है कि आरक्षण से प्रतिभा में कहीं निम्न स्तर के छात्र विशेष विषयों (मेडिकल, अभियांत्रिक प्रबंधन सरीखे), में प्रवेश पा जाते हैं। सीटों की सीमा होने से अनारक्षित वर्ग के अनेक प्रतिभाशील छात्र देश में शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। जब प्रधान मंत्री सबका विकास की बात करते हैं तो उनके दिमाग में यह नहीं आता कि ऐसे हमेशा वंचित छात्र क्या 'सब' में शामिल नहीं हैं? निति चूँकि सरकारें बनाती है इस यक्ष प्रश्न का उत्तर प्रधान मंत्री अथवा उनके मन को समझने वाले मंत्री को ही देना है। यदि सत्तर वर्षों में सबको शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो यह सरकार की अकर्मण्यता और राज करने में विफलता से बढ़ कर कुछ नहीं। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने की मंशा को जागरूक युवा जनता उखाड़ फेके।

बाबू जयप्रकाश नारायण ने सत्तर के दशक में ऐसे ही युवा लोगों से देश की सरकार को धराशाही कर दिया था और उसी दशक में जोर्ज फर्नाडिश में अकल्पित रेल हड़ताल सफल की, जिसकी मिशाल कहीं नहीं मिलती। सरकार कभी भी किसी भी मसले पर लोजिक से नहीं मानती बल्कि दबाव से कुछ ही समय में चित्त हो जाती है। उक्रेन से वापिस लोटे छात्रों का कोई पता नहीं कि उनकी बाकी की पढ़ाई का क्या हुआ? अभी तो इजराइल का युद्ध भी शुरू हो चुका है ख़बरें आ रही हैं कि वहां भी भारत के छात्र पढ़ने गए हुए हैं, उन्हें भी अब सरकार कैसे देश वापिस लाएगी यदि युद्ध लम्बा खिंचा तो।

वैसे तो भारत के इज़राइल से अच्छे सम्बन्ध हैं क्योंकि कारगिल युद्ध में इज़राइल ने भारत की बड़ी सहायता की थी ब्रिटिश शासन में भी भारत की राजपूत रेजिमेंट की एक टुकडी इजराइल गई थी जिनकी वीरता, दिलेरी की इज़राइली आज भी सम्मान से याद करते हैं। इज़राइली तुक्ष मानसिकता वाले नहीं दिखते हैं हो सकता है वे भारतीय छात्रों को वही समुचित व्यवस्था कर दें।

इस पूरे प्रकरण में पाठक यह निर्णय लें कि देश की शिक्षा में ऐसी धांधली और बिफलता कब तक बर्दाश्त करेंगे? याद रहे सरकार का एक टर्म पांच वर्ष का होता है इसलिए पांच वर्ष तक सरकारी विफलता और अकर्मण्यता से एक पीढ़ी शिक्षा से विपरीत प्रभावित हो जाती है। दुर्भाग्य से कही सरकार दो टर्म रह गई तो एक परिवार का बेडा गरक। फिर शंकराचार्य जी के स्त्रोत्र को भजने के अतिरिक्त जनता के पास कोई उपाय नहीं। क्योंकि ऊपर वर्णित तीनों पक्ष यथा सरकार, युवा छात्र और टैक्स चुकाती जनता सभी मूड़ हैं। उपाय सब दशाओं से फ़ैल तब **''भज गोविन्दम मूड़ मते''** जपते रहिये और जो बन पड़े वह करते रहिये। समय परिवर्तन शील है जब तक सबको समान हक़ और सुविधा न मिले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघर्षशील बने रहें। समय, अवश्य बदलेगा। न ऐसी सरकारें रहेंगी और न नेता।

**–अतिथि लेखक,**
**प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**( सेवा निवृत खाद्य प्रौद्योगिकी विज्ञ, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, उदयपुर )**

## राशिफल शनिवार 14 अक्टूबर, 2023


पंडित अनिल शर्मा

आश्विन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, शनिवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र सांय 4:24 तक, ऐन्द्रयन योग दिन 10:24 तक, चतुष्पद करण दिन 10:38 तक, चन्द्रमा रविवार प्रातः 5:21 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–तुला, बुध–कन्या, गुरू–मेष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से सांय 4:29 तक है। आज देव पितृकार्य अमावस्या, सर्वपितृ श्राद्ध है। आज पितृकार्य पूर्ण होगा। आज शनिश्चरी अमावस्या है। सिंजा माता पूजन समाप्त होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:55 से 9:21तक, चर 12:13 से 1:39 तक, लाभ–अमृत 1:39 से 4:31 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:29, सूर्यास्त 5:57

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण संयम रखना ठीक रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। मन में भय बना रहेगा। घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
घर–परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# आचार संहिता लगने से शिक्षा विभाग में 15477 पदों पर नियुक्तियां अटकी

## काउंसलिंग, जिला आवंटन, पदस्थापन आदेश जारी होने के बाद कार्यवाही रोकी

**बीकानेर, (कासं)।** शिक्षा विभाग में शैक्षिक वर्ग के 15 हजार 477 पदों पर नियुक्तियां आचार संहिता लगने से अटक गई है। काउंसलिंग, जिला आवंटन, पदस्थापन आदेश जारी होने के बाद आगे कार्यवाही रोक दी गई है। साथ ही 10 हजार 725 पदों के परिणाम घोषित होने के बाद आगे की प्रक्रिया रोक दी गई है। इन सभी को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शासन सचिव शिक्षा को अवगत करवाते हुए चुनाव आयोग से अनुमति दिलाने के लिए पत्र भेजा है। निदेशक ने शासन सचिव शिक्षा से ऐसे प्रकरणों में कार्यग्रहण करने की छूट की अनुमति मांगी है। बहरहाल, विधानसभा चुनाव और उसके संदर्भ में लगी आचार संहिता ने सफल उम्मीदवारों के लिए एक अजीब तरह का संकट खड़ा कर दिया है। उनके लिए असमंजस से भरे यह दिन निकालना भी मुश्किल साबित हो रहा है।

> ■ **माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने शासन सचिव शिक्षा को अवगत करवाते हुए चुनाव आयोग से अनुमति दिलाने के लिए पत्र भेजा**
>
> ■ **निदेशक ने शासन सचिव शिक्षा से ऐसे प्रकरणों में कार्यग्रहण करने की छूट की अनुमति मांगी है**

चुनाव आचार संहिता लगने से शिक्षा विभाग ने नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी लेकिन, चिकित्सा प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता सत्यापन आदि के कारण 7 हजार 621 अभ्यर्थियों के नियुक्ति तथा पदस्थापन लंबित रह गए। एक हजार 702 अभ्यर्थी ऐसे है, जिनकी काउंसलिंग हो गई, पदस्थापन आदेश जारी होने से रह गए।

विभाग को नियुक्ति एजेंसी से 1094 अभ्यर्थियों की अभिस्तावना मिलने के बाद आचार संहिता लगने से काउंसलिंग नहीं हो सकी। 10 हजार 725 वरिष्ठ अध्यापकों का विभाग की ओर से मंडल आवंटन तथा काउंसलिंग कराना शेष रह गया। साथ ही 3 हजार 757 अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद कार्यग्रहण करना रह गया। गैर अनुसूचित क्षेत्रों से अनुसूचित क्षेत्रों में भेजे 1 हजार 903 कार्मिक कार्यग्रहण और कार्यमुक्त नहीं हो पाए।

## पेंशन दिलाने के बहाने महिलाओं से जमीन हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के पानरवा थाना क्षेत्र में एक महिला ने एक पिता–पुत्र के खिलाफ पेंशन दिलाने के बहाने रजिस्ट्री ऑफिस ले जाकर जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम पर करवाने का मामला दर्ज करवाया हैं।

पुलिस के अनुसार मोनडीबाई पत्नी सोमसिंह गरासिया निवासी आमडा पानरवा ने अर्जुनलाल पुत्र भीमराज गरासिया निवासी आमडा पानरवा, भीमराज पुत्र देवा गरासिया निवासी आमडा पानरवा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि करीब 5 साल पहले वह अपनी पुत्री यहां हीरूमाला गांव में थी। तब अर्जुनलाल गरासिया उसके पास आया और कहा कि तेरा भाई बीमार है और झाडोल अस्पताल में है। भाई ने उसे मिलने बुलाया है। परिवादिया ने अर्जुनलाल की बात पर विश्वास कर उसके साथ झाडोल आ गई। अर्जुनलाल के पिता भीमराज गांव आमोड में रहने वाली उसकी बड़ी बहन लाली पत्नी खुमाणसिंह को बहला फुसला कर झाडोल ले आया। यहां आकर उसने अर्जुनलाल को अपने भाई से मिलाने को कहा तो अर्जुनलाल बोला उसकी अस्पताल से छुट्टी हो गई है और कहा कि झाडोल आई ही गई हो तो तुम दोनों बहनों के पेंशन के कागजात पूरे करवा देते हैं। यह कहकर परिवादिया और उसकी बहन लाली जो बहरी है को इशारों से समझाकर झाडोल तहसील के उपर पेंशन ऑफिस के पास वाले कमरे में ले गए। वहां कुछ कागजों पर अंगूठे करवाये और फोटो खींचवाये और कहां कि पेंशन फाईलें पूरी हो गई है। अभी कुछ दिन पहले उसके पीहर वालों से जानकारी हुई कि इन दोनों बहनों के नाम से जमीन के बिकाव की रजिस्ट्री हो जमीन अर्जुन पुत्र भीमराज गरासिया निवासी आमडा के नाम दर्ज हो गई हैं। जबकि इन दोनों को यह भी नही मालूम था कि पिता के मौत होने के बाद उनकी जमीन में इनका नाम खाते में दर्ज हुआ है क्योंकि ये अपने ससुराल में रहती है और पिता की जमीन भाई–भतीजे कमा रहे हैं।

जानकारी करने पर मालूम हुआ कि अर्जुनलाल व इसके पिता भीमराज ने 5 साल पहले भाई बिमार होने का झांसा देकर झाडोल लोकर पेंशन के कागजात के नाम से फर्जी विक्रय पत्र अर्जुनलाल के नाम का बनाया, जिसमें भीमराज गवाह बन गया और धोखें से अपने नाम रजिस्ट्री करा ली। भीमराज पूर्व वार्ड पंच था तो उस पर विश्वास कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 22 गृह रक्षा स्वयंसेवक मानद पद पर पदौन्नत


**भीलवाड़ा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में चयन समिति की अनुशंषा पर 22 स्वयं सेवकों को मानद पदों पर पदौन्नत किया।**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** निदेशालय, गृह रक्षा, मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार चयन समिति द्वारा मानद पद पर शारीरिक/प्रशिक्षण दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए स्वयं सेवकों के रिकॉर्ड एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों तथा वरीयता के आधार पर गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में चयन समिति की अनुशंषा पर 22 स्वयं सेवकों को मानद पदों पर पदौन्नत किया गया है। शारीरिक एवं प्रशिक्षण दक्षता परीक्षा में 53 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें वरीयता अनुसार 22 सदस्यों को वरीयता के आधार पर उत्तीर्ण कर अवैतनिक मानद पदों पर रेंक प्रदान की गयी।

समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र ललित बिहारी व्यास ने बताया कि गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में अवैतनिक मानद पदों पर चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत गठित कमेटी में कमाण्डेंट गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अजमेर अध्यक्ष सुमन ढाका, डिप्टी कमाण्डेंट गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सचिव ललित बिहारी व्यास व कम्पनी कमाण्डर सदस्य शिव शंकर पारीक, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अजमेर को शामिल कर चयन समिति का गठन किया गया। गुरूवार को वरीयता के आधार पर उत्तीर्ण कर अवैतनिक मानद पदों पर रेंक प्रदान की गयी। इस दौरान चयनित सदस्यों को आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पदौन्नत स्वयं सेवकों को केन्द्र/उपकेन्द्रों के कार्यालयों के सहयोग हेतु आदेश प्रदान किये गए।

## मौजमाबाद थाने के बाहर नहीं बदला जिले का नाम



**दूदू जिले के अधीन संचालित उपखण्ड मुख्यालय मौजमाबाद पर पुलिस थाने के बाहर जिले का नाम नहीं बदला गया। जिले के अधीन सभी जिला स्तर के अधिकारी कार्यरत होने के बावजूद थाने पर नाम नहीं बदला जाना चर्चा का का विषय बना हुआ है।**

## पुष्कर में लाल मुंह के बंदरों का आतंक

**पुष्कर, (निसं)।** तीर्थ नगरी पुष्कर में परिक्रमा मार्ग बजरंग कॉलोनी सहित बाज़ारों व घाटों पर लाल मुंह के बंदरों का आतंक होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं परिक्रमा जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन परिक्रमा करने वाले श्रदालुओ पर हमला बोलकर उनके हाथों से सामान छीन कर भाग रहे है। बल्लभ घाट पर गुरुवार की शाम मंदसौर की रहने वाली देऊ बाई स्नान कर रही थी इस दौरान उन्हें काट लिया। तीर्थ पुरोहितों ने बचाया। इसके बाद इलाज के लिए यात्री को अस्पताल भेज दिया।

> ■ **बल्लभ घाट पर बंदरों ने महिला को बनाया शिकार**

सरोवर के 52 घाटों की सुबह और शाम को काफी संख्या में स्थानीय पुरुष महिलाएं और श्रदालु परिक्रमा करने जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि जयपुर घाट से लेकर सप्त ऋषि घाट तक लाल मुंह के बंदरों का जमकर आतंक हो रखा है बन्दरो के आंतक के कारण लोगो का निकलना मुश्किल हो रखा है तथा कई बार परिक्रमा जाने वाले लोगों पर हमला करने से घायल हो गए और दहशत का माहौल हो रखा है। शुक्रवार को भी परिक्रमा मार्ग पर एक महिला श्रद्धालु पर बंदरों ने हमला बोलकर घायल कर दिया पुरोहितों ने महिला को बंदरों के हमले से बचाकर तुरंत 108 एंबुलेंस में इलाज हेतु पुष्कर अस्पताल में भेजा गया। बंदरों के आतंक के कारण काफी मुश्किल से लोग डरते डरते परिक्रमा में निकलते हैं। इसके अलावा घाटो ओर बाज़ारो में भी काफी आंतक हो रखा है। लोगों ने नगर पालिका से परिक्रमा मार्ग पर बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

## लेकसिटी में फ्रेंच कल्चर फेस्टिवल का शुभारंभ

**उदयपुर, (का.स.)।** उदयपुर में राजस्थान की कला–संस्कृति से रूबरू होने और फ्रांस की कलाओं से परिचित करवाने फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया फ्रांस उच्चायोग द्वारा उदयपुर और जयपुर में आयोजित पांच दिवसीय फ्रेंच कल्चर फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर फ्रांस से आए विभिन्न फ्रांसीसी कलाकारों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

आयोजन मुख्य उद्देश्य फ्रांस और भारत, विशेष रूप से राजस्थान उदयपुर के बीच साझेदारी को मजबूत करना है। कार्यक्रम के तहत कलाकारों के एक समूह ने बच्चों के लिए एक मनमोहक सर्कस का आयोजन किया। यह एक कलाबाज और एक निर्माण पाइप के बीच एक कल्पनाशील मुठभेड है, जो रचनात्मक कहानी कहने में एक विस्मयकारी साहसिक कार्य के लिए मंच तैयार करती है। इस जीवंत परस्पर नाटक के माध्यम से एक स्थायी और अविस्मरणीय मित्रता पनपती है। इस मंत्रमुग्ध कर देने वाले नाटक के केंद्र में गाइल्स चार्ल्स मेस्सेंस है, जो एक अनुभवी कलाबाज है जिसकी जडें पारंपरिक सर्कस में हैं। शुक्रवार को पहला शो मेवाड पब्लिक स्कूल और रॉकवुड्स स्कूल के स्कूली छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। सायं को रॉकवुड्स स्कूल द्वारा समर्थित किशोर सुधार केंद्र में बच्चों के लिए एक विशेष प्रदर्शन किया गया।

> ■ **फ्रांसीसी कलाकारों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।**

कार्यक्रम के तहत शनिवार को शाम 6 बजे द थर्ड स्पेस, चित्रकूटनगर में आयोजित होगा इसके साथ ही प्रसिद्ध फ्रांसीसी कलाकार सैंड्रे पूरे भारत में एलायंस फ्रैंकेइस नेटवर्क द्वारा आयोजित वॉल आर्ट फेस्टिवल के तत्वावधान में एमएमपीएस स्कूल में एक भित्ति चित्र बनाएंगे।


जैसे ही हम भारत के शहरों, इतिहास और प्राकृतिक परिदृश्यों की शानदार पच्चीकारी में उतरते हैं, रंग, संस्कृति और रचनात्मकता का मिश्रण इंतजार करता है। जैसे.जैसे शहर रोजमर्रा की जिंदगी के साथ आगे बढते हैं, वे जीवंत कैनवस में तब्दील होने वाले हैं। फ्रांस की सैंड्रे, पेरिस, कंबोडिया, वियतनाम और बेल्जियम में फैले अपने असली शहरी आख्यानों के साथ 12 से 15 अक्टूबर तक पेंटिंग करेंगी और एमएमपीएस छात्रों के साथ पेंटिंग कार्यशालाएं आयोजित करेंगी।

## घर–घर कचरा संग्रहण व सफाई कार्य शुरू

### झुंझुनूं, नगर पालिका मंडावा तथा नवलगढ़ में शुरु हुए कार्य

**झुंझुनू/उदयपुर, (कासं)।** स्थाई एवं अनवरत लोक अदालत झुंझुनू द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तथा पूर्व ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान केके गुप्ता द्वारा शेखावाटी अंचल की तीन प्रमुख निकाय नगर परिषद झुंझुनूं और नगर पालिका मंडावा तथा नवलगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन के तहत आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान करते हुए कार्य कराये जा रहे हैं और इसी का परिणाम है कि नगर परिषद झुंझुनू मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न घटक में लगभग 100 प्रतिशत और 90 प्रतिशत तक उपलब्धि हासिल कर रहा है, जिसका पूरा श्रेय न्याय मित्र गुप्ता की कार्यकुशलता को जाता है।

परिषदआयुक्त दलीप पुनियां ने बताया कि, स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत गतिविधियाँ/ उपलब्धियों के सम्बन्ध में न्याय मित्र गुप्ता द्वारा नवलगढ़ शहर के भ्रमण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में निर्देशों की अक्षरशः पालना के सम्बन्ध में घर–घर कचरा नियमित संग्रहण कार्य 85 प्रतिशत घरों से कचरा उठाया जाना प्रारम्भ कर दिया गया है कचरा एकत्रित कर कचरा यार्ड पर डाला जा रहा है। 85 प्रतिशत शहर की नालियों की नियमित सफाई करवायी जा रही है। व बड़े नालों की भी नियमित समय–समय पर सफाई करवायी जा रही है। 80 प्रतिशत शहर में सड़कों से अतिक्रमण को हटवा दिया गया है व समय–समय पर दल का गठन कर अभियान चलाया जाकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। 85 प्रतिशत तक नेहरू बाजार कपड़ा बाजार छावनी बाजार पुराना बस स्टेण्ड से ताल तक, शाओं के कुएं से गांधी चौक तक नियमित रात्रिकालीन सफाई करवायी जा रही है। पिछले दो माह में 150 लावारिस पशुओं को पकड़कर नन्दीशाला में छुड़वाया गया है। व समय–समय पर अभियान चलाया जाकर लावारिस पशुओं को नन्दीशाला में छुटवाया जाता है। एवं 920 लावारिस कुत्तों को पकडकर वेक्सीनेशन व बंधीयाकरण किये जा चुके है। शहर में टूटी हुई सड़कों के मरम्त का कार्य लगभग पूर्ण करवा दिया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा एन.एच.ए.आई. की सड़कों की मरम्मत हेतु संबंधित विभाग को सूचित किया जा चुका है तथा शहर में सड़कों व वार्डो की रोड लाईट पर्याप्त मात्र में लगावा दी गई है एवं शहर में तीन टीमों का गठन किया जाकर उनकी देखरेख के लिये लगा दी गई है।


केके गुप्ता

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Covering Vishwanath Pratap Singh Was The Turning Point**

The story gave way to a (PIL) and, eventually, this became the "first case" where an undertrial was given compensation.

**Brain Is Rewired During Pregnancy**

Pregnancy can lead to long-term rewiring of the female brain

# मधुसूदन मिस्त्री ने फटकार लगाकर महेश जोशी व धर्मेन्द्र राठौड़ की महत्वाकांक्षा शांत की

## दोनों नेता दिल्ली पहुंचे थे, अपनी टिकट की दावेदारी मजबूत करने

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। मुख्यमंत्री गहलोत के चहेते, महेश जोशी और धर्मेन्द्र राठौड़ आज मधुसूदन मिस्त्री से मिलने व अपनी बहाली तथा टिकट की दावेदारी मजबूत करने लिए लॉबीइंग करने के लिए दिल्ली में थे।

- मिस्त्री ने जोशी से कहा, आपका लड़का संकट में है, और गिरफ्तारी होने के कगार पर है। आप परिवार पर ध्यान दें।
- जोशी ने जवाब दिया, कि वे अपनी गल्ती के लिए माफी मांगने आये हैं।
- मिस्त्री ने प्रत्युत्तर में कहा, माफी मांगनी है तो, सोनिया गांधी से मांगें, क्योंकि उन्होंने सोनिया गांधी के खिलाफ बगावत की थी।
- धर्मेन्द्र राठौड़ पुष्कर से टिकिट मांग रहे हैं। मिस्त्री ने राठौड़ को सलाह दी, सचिन पायलट से मिलें, क्योंकि, वे अजमेर से सांसद रह चुके हैं और अजमेर के बारे में मेरे से ज्यादा वाकिफ़ है।
- तीसरे आरोपी धारीवाल, अपने पुत्र के लिये टिकट मांग रहे हैं। राहुल गांधी शायद पुत्र को टिकट दे दें, जिससे शान्ति धारीवाल का राजनीतिक जीवन तो समाप्त हो। धारीवाल को गहलोत की राजनीतिक महत्वकांक्षा में बलि का बकरा बनना बनना पड़ रहा है।

ए.आई.सी.सी. के सूत्रों का कहना है कि, मिस्त्री जोशी से मिले और उनसे कहा कि, अपने टिकट के लिये नहीं भागें बल्कि अपने पुत्र पर ध्यान दें, जो संकट में है और गिरफ्तारी के कगार पर है। मिस्त्री स्पष्ट बोलने वाले व्यक्ति हैं तथा बोलते समय हिचकिचाते नहीं हैं।

उन्होंने महेश जोशी से कहा कि, उनका पुत्र संकट में है अतः बेहतर होगा कि वे अपने पारिवारिक जीवन को वापस ठीक करने पर ध्यान दें।

जब जोशी ने कहा कि, जो हुआ था वो उसके लिये माफी मांगने आये हैं, तो मिस्त्री ने कहा कि, वे माफी सोनिया गाँधी से मांगें क्योंकि उन्होंने बगावत उनके (सोनिया के) खिलाफ कराई थी। उन्होंने कहा कि, वे गलत जगह माफी मांग रहे हैं।

जहाँ तक धर्मेन्द्र राठौड़ का सम्बंध है, वे अजमेर जिले के पुष्कर से टिकट मांग रहे हैं। वे अशोक गहलोत के "मनी बैग" के रुप में जाने जाते हैं, तथा वे भी उन तीन में हैं, जिन्हें सोनिया गाँधी के खिलाफ 25 सितम्बर की बगावत के बाद निलम्बित किया गया था।

सूत्रों का कहना है कि, मिस्त्री ने राठौड़ से कहा, उन्हें सचिन पायलट के पास जाकर मिलना चाहिये, क्योंकि यह उनका क्षेत्र है और वे अजमेर से सांसद रहे हैं तथा वे बेहतर जानेंगे कि यहां से किसे चुनाव लड़ना चाहिये। लगता है इससे राठौड़ को उनका स्थान बता दिया गया। अनुशासन समिति रिपोर्ट में उल्लिखित तिकड़ी में तीसरे

(शेष पृष्ठ 4 पर)




## रविवार को मध्य प्रदेश की सूची आयेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि, कांग्रेस, विधानसभा चुनाव प्रत्याशियों की अपनी पहली लिस्ट 15 अक्टूबर तक जारी कर सकती है।

- भाजपा अभी तक कांग्रेस पर काफी ताने मार रही थी, उम्मीदवारों की सूची जारी करने में विलंब के कारण।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि, शुक्रवार को सैन्ट्रल इलैक्शन कमेटी ने, 230 सीटों की विधानसभा की 60

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## रिजिजू मिज़ोरम के इलैक्शन इन्चार्ज

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को, यूनियन मिनिस्टर ऑफ अर्थ साइन्स, किरेन रिजिजू को मिज़ोरम के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया।

- भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने शुक्रवार को इस नियुक्ति की घोषणा की।

इसके अलावा नागालैण्ड के उपमुख्यमंत्री यानथुन्गो पैटन तथा राष्ट्रीय

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# नीतिश कुमार सरकार आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीलिंग तोड़ने की तैयारी में?

## विधानसभा के आगामी सत्र में इस निर्णय की घोषणा संभव

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। यह एक ऐसा निर्णय है जो सत्तारूढ़ भाजपा के लिए एक बड़ी राजनीतिक चुनौती पेश कर सकता है। बिहार की नीतीश कुमार सरकार की योजना सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को लांघने की है। इस प्रकार का निर्णय आगामी नवम्बर माह में होने जा रहे राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लिया जा सकता है।

- ऐसा माना जा रहा है कि, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, तेलंगाना, हरियाणा, छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्यप्रदेश में ऐसा कानून पहले ही पास हो चुका है।
- गैर भाजपा दलों का मानना है कि, बिहार में यह कानून पारित होने के बाद, आरक्षण का मुद्दा फिर मुख्य चुनावी मुद्दा बन जायेगा, जैसा, कि, गैर भाजपा दल चाहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में दिए अपने एक फैसले में जहां आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तय की थी, वहीं कई राज्य सरकारें इस सीमा को समाप्त करने के कानून पारित कर चुकी हैं।

इन राज्यों में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, हरियाणा, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश हैं। बिहार भी यदि इन राज्यों की लिस्ट में शामिल हो जाता है तो ओ.बी.सी. मुद्दे को लेकर चल रही मुहिम वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व गति पकड़ सकती है और इस स्थिति को भाजपा के अनुकूल नहीं माना जा रहा।

इकोनॉमिकली वीकर सैक्शन्स (ई.डब्ल्यू.एस.) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संसद ने जनवरी 2019 में एक कानून लागू किया था। इस निर्णय की वजह से आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा पहले ही लांघी जा चुकी है।

बिहार सरकार के इस कानून के मसौदे में, ई.डब्ल्यू.एस. के 10 प्रतिशत कोटे से आगे आरक्षण का ओ.बी.सी. कोटा निर्धारित करने की परिकल्पना की गई है।

प्रकट रुप से, इस तरह के निर्णय का उत्तर प्रदेश और अन्य हिंदी भाषी राज्यों में एक नया असर पड़ेगा, जिससे इस जातिगत मुद्दे के वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में एक बड़ी चुनावी प्रचार मुहिम में बदलने की संभावना है।

जातिगत सर्वे के डेटा जारी करने में अग्रणी रहने के बाद ऐसी संभावना है कि बिहार सरकार ओ.बी.सी. और खासतौर पर एक्सट्रीमली बैकवर्ड कम्युनिटीज़ (ई.बी.सीज) के कल्याण की दिशा में कई सकारात्मक कदम उठाने की घोषणा करेगी। सूत्रों ने बताया कि राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में ऐसी घोषणाएं की जा सकती हैं।

जातिगत सर्वे का दूसरा भाग, जिसमें पिछड़ा वर्ग की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की गणना की गई है, के विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। अन्य प्रस्तावों में वर्ष 2008 के बिहार लैण्ड रिफॉर्म्स कमीशन की रिपोर्ट का आधिकारिक प्रकाशन शामिल हो सकता है। इस कमीशन की अध्यक्षता

(शेष पृष्ठ 4 पर)

## न्यूज़क्लिक की याचिका खारिज

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को न्यूज़क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के हैड, अमित चक्रवर्ती की याचिका को अस्वीकार कर दिया, जिसमें उन्होंने, आतंक विरोधी कानून यू.ए.पी.ए. (अनलॉफुल एक्टिविटीज़ (प्रिवैन्शन) एक्ट) के तहत हुई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। पुलिस कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए, जस्टिस तुषार राव गेडेला की एक सदस्यीय बैंच ने कहा, "दोनों याचिकाएं सुनवाई के योग्य नहीं हैं।"

- दिल्ली हाई कोर्ट में न्यूज़क्लिक के मालिक प्रबीर पुरकायस्थ व अमित चक्रवर्ती ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की थी।

पुरकायस्थ व चक्रवर्ती को दिल्ली

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# पवन खेड़ा जयपुर पहुंचे, डिज़ाइन बॉक्स को बचाने

## ए.आई.सी.सी. के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा का क्या कोई वित्तीय "इन्टरैस्ट" है डिज़ाइन बॉक्स में?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। क्या पवन खेड़ा नरेश अरोड़ा और डिज़ाइन बॉक्स के नवीनतम रक्षक क रूप में जयपुर आये हैं?

- राहुल गांधी डिज़ाइन बॉक्स को बदलना चाहते हैं, पर गहलोत अभी भी हथेली लगाये हैं, क्योंकि डिज़ाइन बॉक्स पार्टी का प्रचार करने में ज्यादा सक्रिय नहीं, वह केवल गहलोत को प्रोजैक्ट करने में इन्टरैस्टेड हैं।
- गहलोत की नजदीकी के कारण भी पवन खेड़ा, डिज़ाइन बॉक्स की सुरक्षा में खड़े हुए हैं।
- डोटासरा भी अब डिज़ाइन बॉक्स के खिलाफ सक्रिय हुए हैं, पर अब तक उनकी भूमिका "प्रो गहलोत" रही है इसलिए वे मजबूत विद्रोह करने की स्थिति में नहीं हैं।

क्या ए.आई.सी.सी. मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा स्वयं का डिमोशन कर राजस्थान के मीडिया इंचार्ज बने हैं, क्योंकि वे नरेश अरोड़ा और डिज़ाइन बॉक्स को बर्खास्त होने से बचाना चाहते हैं?

यह एक रोचक तथ्य है कि, पवन खेड़ा, अशोक गहलोत तथा नरेश अरोड़ा, दोनों के नज़दीक हैं। कहते हैं कि, राजस्थान का पी.आर. कॉन्ट्रैक्ट अरोड़ा को मिलने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। ए.आई.सी.सी. में यह चर्चा है कि, उनके डिज़ाइन बॉक्स में व्यवसायिक हित हैं।

राहुल गाँधी डिज़ाइन बॉक्स को बर्खास्त करना चाहते हैं, पर, अभी तक गहलोत यह कह कर टालने में लगे हैं कि, उन्हें एक और एजेन्सी तलाशनी पड़ेगी और इतने सारे धन का भुगतान तो किया भी जा चुका है, आदि आदि।

अरोड़ा गहलोत की पसन्द हैं, क्योंकि वे उनका व्यक्तिगत पी.आर. करते हैं और मुख्यमंत्री को पार्टी की कीमत पर प्रमोट करते हैं।

जहाँ तक पार्टी का संबंध है, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष, जिन्हें अरोड़ा ने अपमानित किया था व अवहेलना की

(शेष पृष्ठ 4 पर)




# लंदन के फायनैन्शियल टाइम्स को आधार बनाकर अडानी के कोयला आयात को टारगेट किया कांग्रेस ने

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर। कांग्रेस ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि, वे स्वयं एवं अपने निकट मित्र अडानी के बिज़नैस ग्रुप द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला घोटाले के जरिए की जा रही होलसेल लूट से जनता का ध्यान हटा रहे हैं।

- इस प्रतिष्ठित अखबार की न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार, अडानी ने आयातित कोयले की कीमत को बढ़ा-चढ़ा कर विदेशी कम्पनियों को हजारों करोड़ का लाभ पहुंचाया।
- फिर इन कम्पनियों ने अपने मुनाफे से अडानी के शेयर खरीदे तथा शेयर की कीमत 2000 प्रतिशत बढ़ाई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने फायनैन्शियल टाइम्स द्वारा किए गए नए रहस्योद्घाटनों का हवाला देते हुए अडानी के विश्वासपात्रों के एक ऐसे गुप्त नैटवर्क का हवाला दिया, जो राउण्ड ट्रिपिंग (धन को एक देश से स्थानांतरित करने के बाद पुनः मूल देश में स्थानांतरित करने), मनी लॉण्डरिंग और सेबी के कानूनों के सपट उल्लंघन में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि, इन रहस्योद्घाटनों से पता चला है कि, कैसे प्रधानमंत्री और उनके निकट साथी भारत के गरीब और मध्यम वर्ग को नुकसान पहुंचाकर स्वयं को और भाजपा को सम्पन्न कर रहे हैं।

रमेश ने एक बयान में कहा कि, "यह कोई प्रतिकात्मक लूट नहीं है, बल्कि यह वास्तव में करोड़ों भारतीयों के जेबों से चोरी है।"

कांग्रेस नेता ने कहा कि, इस वर्ष की शुरुआत में उनकी पार्टी ने "हम अडानी के हैं कौन" (एच.ए.एच.के.) सिरीज़ के तहत प्रधानमंत्री मोदी से उनके चहेते बिज़नैस ग्रुप के साथ उनके रिश्तों की वास्तविक प्रकृति को लेकर सौ प्रश्न पूछे थे।

जयराम रमेश ने जोर देकर कहा कि, प्रधानमंत्री उनमें से किसी का भी उत्तर देने में विफल रहे हैं। उन्होंने स्वयं और अपने निकट मित्रों द्वारा की जा रही राष्ट्रीय सम्पदा की भारी लूट से जनता का ध्यान हटाने के लिए पी.आर. स्टंट, हैडलाइन मैनेजमैंट और अलंकारिक शब्दों का सहारा लिया है।

रमेश ने कहा, सच्चाई नहीं छुपेगी। फायनैन्शियल टाइम्स अखबार में हुए ताजा रहस्योद्घाटनों ने यह दर्शा दिया है कि, डायरैक्टोरेट ऑफ रैवैन्यू इन्टैलीजैंस (डी.आर.आई.) द्वारा लगाए गए आरोप कितने विश्वसनीय हैं। डी.आर.आई. को सबूत मिले थे कि, अडानी ग्रुप कोयला आयातों की अधिक बिलिंग करके भारत के करोड़ों रूपए डकार रहा है। प्रधानमंत्री ने शायद बाद में जांच को "मैनेज" करके देश की जांच एजेंसियों को खामोश कर दिया हो, लेकिन इसके बावजूद सच्चाई सामने आ गई।

रमेश ने बताया कि, ब्रिटेन के फायनैंशियल न्यूज़ पेपर ने वर्ष 2019 और 2027 के बीच के अडानी के 3.1 मिलियन टन के 30 कोल शिपमैन्ट्स

(शेष पृष्ठ 4 पर)

# 'वकालतलामा पर 110 रु. का वेलफेयर टिकट लगाने के आदेश की पालना हों'

## राजस्थान बार कौंसिल ने प्रदेश के सभी बार संघ के अध्यक्ष व सचिवों को पत्र लिखा

- **वेलफेयर टिकट के बिना वकालतनामे पेश करने वाले अधिवक्ताओं की सूची बार कौंसिल राजस्थान को सौंपे : रामप्रसाद सिंगरिया**
- **सिंगरिया का कहना है कि बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के संज्ञान में आया है कि कुछ अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय, अधिकरण अथवा अन्य प्राधिकारी के समक्ष बिना वेलफेयर टिकट लगा वकालतनामा पेश किया जा रहा है, साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि बार संघ कार्यालयों में टिकट उपलब्ध नहीं हैं।**
- **उन्होंने कहा कि 110 रु. की कीमत वाला यह टिकट सभी बार संघ को 10 प्रतिशत और स्टांप विक्रेता को 5 प्रतिशत कमीशन पर दिया जाता है, यह पैसा अधिवक्ताओं की बीमारी, मृत्यु और सेवानिवृति पर बतौर आर्थिक सहायता दिया जाता है।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में अधिकांश वकीलों द्वारा वकालतनामा पर 110 रु. कीमत वाला वेलफेयर टिकट नहीं लगाने को राजस्थान बार कौंसिल ने गंभीरता से लिया है। द बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद सिंगरिया ने प्रदेश के तमाम बार संघ के अध्यक्ष व सचिवों को पत्र लिखकर इसकी पालना सख्ती से करवाने के लिए कहा है। साथ ही उन अधिवक्ताओं की सूची भी मांगी है, जो वेलफेयर टिकट के बिना ही वकालतनामे न्यायालय, अधिकरण अथवा अन्य प्राधिकारी के समक्ष पेश कर रहे हैं।

रामप्रसाद सिंगरिया ने कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि में नियमित आय का मुख्य स्त्रोत वेलफेयर टिकट की बिक्री से आने वाला पैसा है, वर्तमान में एक टिकट का मूल्य 110 रु. है। यह वेलफेयर टिकट राज्य के सभी बार संघ को 10 प्रतिशत और स्टांप विक्रेताओं को 5 प्रतिशत कमीशन पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के द्वारा जारी किए जाते हैं। यह पैसा अधिवक्ताओं की बीमारी, मृत्यु और सेवानिवृति पर बतौर आर्थिक सहायता दिया जाता है।

सिंगरिया ने अपने पत्र में लिखा कि, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के संज्ञान में आया है कि कुछ अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय, अधिकरण अथवा अन्य प्राधिकारी के समक्ष बिना वेलफेयर टिकट लगा वकालतनामा पेश किया जा रहा है, साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि बार संघ कार्यालयों में टिकट उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा कुछ अधिवक्ता कह रहे हैं कि वे राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष के सदस्य नहीं है, जिस कारण वकालतनामे पर वेलफेयर टिकट लगाना अनिवार्य नहीं है। न्यायालयों और अधिकरणों द्वारा भी बिना वेलफेयर टिकट लगे हुए वकालतनामे स्वीकार किए जा रहे हैं। जबकि राजस्थान अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम-1987 की धारा 20 के तहत प्रत्येक अधिवक्ता को वकालतनामे पर वेलफेयर टिकिट लगाना अनिवार्य है, चाहे वह राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष के सदस्य हैं अथवा नहीं। उपधारा (1) में निर्दिष्ट 100 रुपये का कल्याण निधि फीस स्टांप लगाएगा और कोई भी वकालतनामा किसी भी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकारी या धारा-16 में निर्दिष्ट व्यक्ति के समक्ष दाखिल या उसके द्वारा प्राप्त नहीं किया जायेगा। इस स्टांप के मूल्य में प्रतिवर्ष 10 रुपये की वृद्धि होगी, जो कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 1 जुलाई से शुरू होगी। स्टांप का मूल्य न तो मामले से जुड़ा खर्चा होगा और न ही मुवक्किल से प्राप्त किया जायेगा।

रामप्रसाद सिंगरिया ने बताया कि वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक का आंकड़ा देखें तो 28 करोड़ 28 लाख 42 हजार 900 रुपये बार कौंसिल ऑफ राजस्थान ने अधिवक्ताओं की गंभीर बीमारी, मृत्यु व सेवानिवृति से संबंधित दावों पर खर्च किए हैं।

# शारदीय नवरात्र कल से

## घर और मंदिरों में 9 दिनों तक होगी मां भगवती की आराधना

**जयपुर** । शारदीय नवरात्र 15 से 23 अक्टूबर तक होंगे। नौ दिन श्रद्धालु मां भगवती और प्रभु श्रीराम की साधना में लीन रहेंगे। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्र का शुभारंभ होगा। छोटीकाशी के मां दुर्गा के मंदिरों में शारदीय नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में है।

आमेर के शिला माता, मनसा माता, दुर्गापुरा के दुर्गा माता, पुरानी बस्ती के रूद्र घंटेश्वरी, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर, झालाना पहाडी स्थित कालक्या मंदिर, ब्रह्मपुरी स्थित काली माता मंदिर,आमागढ़ स्थित अंबा माता, दिल्ली रोड स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में भी घट स्थापना के बाद नौ दिन विशेष आराधना होगी। आमेर स्थित शिला माता मंदिर में घट स्थापना अभिजीत मुहुर्त में दोपहर 11:55 बजे होगी। घट स्थापना के बाद श्रद्धालु मातारानी के दर्शन कर सकेंगे। ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी के अधीनस्थ कनक घाटी स्थित मनसा माता मंदिर में घट स्थापना सुबह 9: 15 से 11:15 बजे तक होगी। घट स्थापना के बाद कल्पारंभ विहत पूजा, व्रत आंरभ, चंडी पाठ,श्रृंगार, भोग, आरती और पुष्पाजंलि के कार्यक्रम होंगे। गोविंद देवजी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि दर्शन समय सुबह साढ़े पांच से साढ़े छह, साढ़े आठ से पौने बारह बजे तक तथा शाम को साढ़े पांच से रात्रि साढ़े आठ बजे तक होंगे। पंचवटी सर्किल राजापार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर में सुबह छह बजे घट स्थापना की जाएगी। मातारानी का लाल रंग की चूनरी धारण कराई जाएगी। ज्योतिषाचार्य पंडित महेन्द्र जोशी ने बताया कि इस बार नवरात्र के सभी नौ अत्यंत शुभ योग रहेंगे। ऐसे में इस बार नवरात्रि का हर दिन शुभ रहेगा। हर दिन हर मुहूर्त रहेगा। नवरात्रि में एक भी तिथि कम नहीं होगी। पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व होना शुभ संयोग है।

# अंतर्राष्ट्रीय फुट एण्ड एंकल सर्जरी कॉन्फ्रेंस आज से

**जयपुर** (कासं)। मेडिकल एजुकेशन एण्ड ट्रीटमेंट के हब के रूप में तेजी से अन्तरराष्ट्रीय पटल पर उभर रहे जयपुर शहर में पहली बार फुट एण्ड एंकल सर्जरी विषय पर अन्तरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस होटल मेरियट में 14-15 अक्टूबर को होने जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में देश विदेश के 200 ऑर्थो सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एस एस अग्रवाल होंगे।

इण्टरनेशनल सोसायटी ऑफ ऑर्थोपैडिक एण्ड ट्रोमा (सीकोट), इण्डियन फुट एण्ड एंकल सोसायटी और राजस्थान ऑर्थोपैडिक सर्जन्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में यह कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ. राहुल उपाध्याय ने बताया कि कॉन्फ्रेंस पहले दिन फुट एण्ड एंकल सर्जरी से संबंधित एंकल आर्थराइटिस, एबीएन टेलस, एंकल स्पोर्ट्स इंजरी, ऑर्थो सर्जरी को लेकर रीसेंट अपडेट, नवीनतम सर्जीकल टैक्निक्स और पेशेंट केयर को लेकर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। दूसरे दिन एंकल ट्रोमा को लेकर वैश्विक स्तर पर इसके इलाज में आए नये बदलावों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राजस्थान हॉस्पिटल में देश विदेश के एक्सपर्ट डॉक्टर्स द्वारा विशेष एंकल सर्जरी की जाएगी। इसका सीधा प्रसारण कॉन्फ्रेंस स्थल होटल मेरियट में किया जाएगा।

डॉ. राहुल उपाध्याय ने बताया कि एंकल ट्रोमा के कारण खराब हुए एंकल पार्ट को हटाकर थ्री डी तकनीक से उसका नया हिस्सा बना कर रिप्लेस किया जाता है। इसके कारण मरीज के एंकल का मूवमेंट पहले की तरह बना रहता है। अभी तक इसके लिए एंकल को जाम किया जाता था जिसके कारण मरीज जिंदगीभर पैर का पूरा मूवमेंट नहीं कर पाता था।

# थर्ड पार्टी जांच के बिना नहीं होगा सड़क निर्माण का भुगतान, खामियां दूर होंगी

## जेडीए के अधीक्षण और अधिशाषी अभियंता को औचक निरीक्षण में मिली खामियां



- **सिरसी नाड़िया और मूर्तिकला कॉलोनी में सड़क में डामर कम मिली, रात में रोड निर्माण बंद करने के आदेश भी जारी**

**जयपुर** (कासं)। सिरसी नाड़िया कॉलोनी और मूर्तिकला कॉलोनी में बन रही सड़क में घटिया निर्माण को जांचने जेडीए के अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद रैगर, अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार दुबे, सहायक अभियंता राधेश्याम और अंजू खंडेलवाल ने औचक निरीक्षण किया।

मौके पर सड़क निर्माण में डामर की कम मात्रा, सड़क पर रोलर नहीं चलाने, डब्ल्यूबीएम का काम ड्रम मिक्स प्लांट से तैयार होने जैसी गड़बड़ियां मिली। यहां तक कि सड़क की मोटाई भी तय मोटाई से कम दिखी। इस पर अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद ने ठेकेदारों को पाबंद कर रात के समय सड़क निर्माण का काम बंद करने और बैच मिक्स से सड़क बनाकर रोड की गुणवता में सुधार लाने के आदेश दिए। साथ ही कहा कि सड़क निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद थर्ड पार्टी से जांच करवाने के बाद ही भुगतान किया जायेगा। उन्होंने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर आदेश भी जारी किए। साथ ही आगामी 7 दिन में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल सिरसी नाड़िया कॉलोनी और मूर्तिकला कॉलोनी में घटिया सड़क निर्माण की शिकायतें जेडीए के अधिकारियों को मिली थी। इस पर अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद के साथ एक्सईएन मनोज कुमार दुबे व अन्य इंजीनियर्स ने मौके पर जाकर जांच की। सिरसी नाडिया कॉलोनी में जयपुर हैरिटेज स्कूल के पास चल रहे डामर के कार्यों के काम में डामर की मात्रा कम मिली। इसके साथ ही खुदाई करने पर रोलर चलना नहीं पाया गया। इससे मौके पर सड़क उखड़ गई थी। डब्लूबीएम का काम भी ड्रूम मिक्स प्लांट से होना पाया गया। इसके बाद टीम ने मूर्तिकला कॉलोनी में बन रही सड़क को देखा, वहां भी जगह डामर की मात्रा कम थी। इसके साथ ही निर्धारित मोटाई भी नहीं थी। कुछ अन्य जगहों पर भी टीम ने निरीक्षण किया और कमियां मिलने पर सुधारने के निर्देश दिए।

देखा जाए तो सड़क बनाने वाले ठेकेदार, ट्रेफिक की आड में रात को सड़क बनाने का काम कर देते हैं, मौके पर कोई इंजीनियर्स भी नहीं रहते थे। साथ में प्लांट का भी पता नहीं चलता था कि कहां से डामर का माल लिया गया है। रात के अंधेरे में रोलर भी नहीं चलाया जाता, इस कारण सवेरे होते-होत डामर उखड़ जाती है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर डामर की मोटाई भी पूरी नहीं की जा रही थी। अब यह सारी गड़बड़ियां नहीं हो पाएगी, क्योंकि जेडीए के अधीक्षण अभियंता रामप्रसाद ने इंस्पेक्शन रिपोर्ट के साथ ही यह आदेश भी जारी कर दिए हैं कि अब से किसी भी सड़क निर्माण के काम की थर्ड पार्टी जांच रिपोर्ट आने तक भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही रोलर आधा-अधूरा नहीं, बल्कि पूरा चलाया जाएगा। काम बैच मिक्स प्लांट से किया जाएगा। प्लांट पर एक इंजीनियर की ड्यूटी रहेगी।

जेडीए के इंजीनियर निदेशक मनोज कुमार सोनी को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्होंने निर्देश दिए थे कि जोन में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की जांच कर रिपोर्ट पेश की जाए, जिससे काम की क्वालिटी में सुधार किया जा सके। जेडीए के जोन 12 के एसई रामप्रसाद रैगर ने बताया कि उनके साथ जेडीए के इंजीनियर्स की टीम ने 4 घंटे जोन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया था, जो खामियां मिली उन्हें सुधारने को कहा गया है। काम की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।

# युवाओं ने जानी मतदान प्रक्रिया की बारीकियां

- **जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में गौरव टावर पर हुआ प्रस्तुतिकरण**

**जयपुर** । विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नित नए नवाचार किये जा रहे हैं। युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित एवं आकर्षित करने के लिए निर्वाचन विभाग के निर्देश पर जयपुर के गौरव टावर पर वीआर के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया से रूबरू करवाया गया। इस दौरान कई युवा वीआर के जरिये इस रोचक अनुभव के गवाह बने।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि आज का युवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से काफी जुड़ाव महसूस करता है, इसी को ध्यान में रखते हुए युवाओं की आगामी चुनावों में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीआर प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीआर के जरिये मतदान प्रक्रिया का रोचक अनुभव लेने के बाद कॉलेज छात्रा सपना राठौड़ ने कहा कि वीआर के जरिये हमें ऐसा लगा कि वाकई हम किसी सुसज्जित मतदान केन्द्र पर खड़े हैं और मतदान कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग की यह पहल वाकई युवाओं को पसंद आएगी। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने युवाओं को सी विजिल एप, दिव्यांगों के लिए सक्षम एप सहित अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जानकारी दी और नव मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया।

# जुनोटिक डिजीज कंट्रोल के लिए स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान

- **कोविड जैसी महामारियों का सामना करने के लिए आधारभूत संसाधन व प्राथमिक प्रबंधन की पूर्व तैयारी जरूरी : शुभ्रा सिंह**

**जयपुर** । प्रदेश में जुनोटिक संक्रमण वाली बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान बनाकर कार्यवाही की जायेगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित मल्टी सेक्टरल कंसल्टेशन वर्कशॉप के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) एवं यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एवं प्रिवेंशन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ एवं तकनीकी पार्टनर संस्थानों के प्रतिनिधि पारस्परिक विचार मंथन कर देश में पहले राजस्थान स्टेट वन-हैल्थ एक्शन प्लान की रूपरेखा तैयार करेंगे। कार्यशाला में बताया गया कि मानव में 60 प्रतिशत बीमारियों के संक्रमण के कारण प्राकृतिक एवं जुनोटिक होते हैं। इनमें वायरस, बैक्टीरिया, फंगस, प्रोटोजोआ, पैरासाइट्स एवं अन्य से संक्रमण फैलता है। विभिन्न निकायों, कार्यक्षेत्र के विचार-विमर्श, उनके अनुभव एवं प्राकृतिक स्थितियों के आधार पर वन-हैल्थ एक्शन प्लान लागू कर जुनोटिक डिजीज पर नियंत्रण करने की कार्यवाही की जायेगी। सिंह ने बताया कि कोविड जैसी महामारियों का सामना करने के लिए आधारभूत संसाधन व प्राथमिक प्रबंधन की पूर्व तैयारी करनी आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखकर राजस्थान में रैबीज उन्मूलन के लिए स्टेट एक्शन प्लान लागू कर कार्यवाही की जा रही है।

## सार-समाचार

### शुभम पारीक का सम्मान किया



**जयपुर,** (का.सं.)। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा एनएसएस के राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मानित शुभम पारीक को पारीक महिला परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर पारीक महिला परिषद ने टाबर संस्थान के बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा उन्हें पुरस्कार भी वितरित किये एवं उनकी दैनिक उपयोगिता की आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर परिषद की अध्यक्ष शशि पुरोहित, सचिव रश्मि पारीक, कोषाध्यक्ष निशा पुरोहित, नीरा पांडेय, आशा पारीक, रेनू पारीक, सविता पारीक, कनक पारीक, सीमा पारीक, गीता पारीक, ज्योति पुरोहित, राज पुरोहित, स्नेह पुरोहित, चंद्रकांन्ता पारीक, कल्पना पारीक आशा पारीक, राखी पारीक, राज पारीक, नीरू पारीक, पुष्पा पारीक उपस्थित रही।

### तीन महिला सहित 10 आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब माफियाओं पर शिकंजा कसा है। जहां पुलिस ने ग्यारह मामले दर्ज कर तीन महिलाओं सहित दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं इस कार्रवाई के दौरान एक महिला तस्कर फरार हो गई। जिसे तलाश किया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध देशी शराब की लगभग 26 पेटी, अंग्रेजी शराब की 25 पेटी, बीयर की 15 पेटी, बिक्री की राशि 26 हजार 420 रुपये बरामद किए गए है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सीएसटी ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ जयपुर शहर के प्रताप नगर, मुहाना, सांगानेर सदर, ब्रहम्पुरी, सेज, जयसिंहपुरा खोर, बगरू, बिन्दायका एवं मुरलीपुरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए पारा सांसी (50) निवासी मेहन्दवास जिला टोंक हाल प्रतापनगर जयपुर,बेगम सांसी (35) निवासी मुहाना जयपुर, नीलम सांसी (28) निवासी सांगानेर सदर जयपुर चिरंजीलाल (50) निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर,मनोज मीणा (31) निवासी सेज जयपुर,मुकेश कुमार सांसी (34) निवासी कानोता हाल जयसिंहपुरा खोर जयपुर, नेपाल (29) निवासी फागी जिला दूदू हाल बगरु जयपुर,गणेश नारायण गुर्जर (29) निवासी मौजमाबाद जिला दूदू,मंगल राम (32) निवासी बगरु और रोहित आर्य (27) निवासी नयापुरा कोटा हाल हसनपुरा सदर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।जिनके पास से पुलिस ने अवैध देशी शराब की लगभग 26 पेटी, अंग्रेजी शराब की 25 पेटी, बीयर की 15 पेटी, बिक्री की राशि 26 हजार 420 रुपये बरामद किए गए है।

### एल.बी.एस. में पेंटिंग प्रतियोगिता

**जयपुर** (कासं)। लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आर्ट टुडे, ब्रज स्मृति प्रन्यास के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य एवँ प्रतियोगिता संयोंजक डॉ. मुदित गुप्ता के निर्देशन में आज महाविद्यालय परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता एवं कला शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रागेश्वर तिवाड़ी, सचिन अग्रवाल (ट्रस्टी बृज स्मृति प्रन्यास:) एवं निर्णायक मंडल में प्रो.तनुजा सिंह (राजस्थान विश्वविद्यालय), कमल लोचन (राजस्थान जंन मंच ट्रस्ट), गोपाल लाल (आर्ट टुडे) उपस्थित रहे। ड्रांगइ पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम विजेता स्नेहा सैनी वेदिक कन्या पी.जी. कॉलेज, जयपुर व द्वितीय रणजीत बर्मन, लाल बहादुर शास्त्री पी.जी. महाविद्यालय, जयपुर एवं केनवास पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अक्षरा माहेश्वरी, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स, जयपुर व द्वितीय पुरस्कार महेश कुमावत बाई आर्टिस्ट फॉर आर्टिस्ट इन्स्टीट्ययूट, जयपुर ने प्राप्त किया।

### गरीब बच्चों को नि:शुल्क कपड़े बांटे

**जयपुर,** (का.सं.)। शार्प्स टेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा रोड नं.17 वी.के.आई.एरिया में गरीब बच्चों को नि:शुल्क कपड़े वितरित किये जिसमें संस्था के अध्यक्ष राम प्रताप शर्मा व सचिव जय प्रकाश शर्मा व समाजसेवी नेमी चन्द व अन्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कपड़े वितरण समारोह में लगभग 100 से अधिक गरीब बच्चों को रेडीमेड कपड़े नि:शुल्क वितरित कर उन्हें नकद 100 रुपये प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम प्रताप शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था के मुख्य उद्देश्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, लीगल व समाज के प्रत्येक वर्ग की सहायता व सशक्त बनाना ही हमारा उद्देश्य है।

### 'एक शाम मां भगवती के नाम' आज

**जयपुर** । श्री श्याम युवा संघ परिवार, त्रिवेणीनगर गोपालपुरा गांव के तत्वावधान में एक शाम मां भगवती के नाम मां भगवती का जागरण शनिवार, 14 अक्टूबर को गोपालपुरा के त्रिवेणीनगर चौराहा स्थित श्री भूतेश्वर महादेव-हनुमान मंदिर में शाम सात बजे से आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. गोपाल शर्मा होंगे। इस मौके पर मां भवानी का दरबार सजाकर नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के बीच वृंदावन के कन्हैया, जयपुर की रित पांडे, गोनेर के राकेश कुमार सहित अनेक भजन गायक मां भगवती के दरबार में हाजिरी देंगे। इस मौके पर मातारानी की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर इस मौके पर बजरंग बली और काली माता की झांकी भी सजाई जाएगी। श्री भूतेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष बद्रीनारायण बापलावत, उपाध्यक्ष हेमराज बागड़ा, महासचिव हेमराज जांगिड़, कोषाध्यक्ष राम अवतार बापलावत, मंदिर आर्किटेक्ट रवि शर्मा एवं अन्य ने शुक्रवार को आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

# शरद रंग महोत्सव का आगाज



**जवाहर कला केन्द्र में शरद रंग महोत्सव के उद्घाटन पर अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा और प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर अरिजीत बनर्जी ने स्मारिका का विमोचन किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शुभ्रा सिंह ने कहा कि डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान कला एवं संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने का कार्य कर रहा है ताकि राजस्थानी कला एवं संस्कृति का मौलिक स्वरूप में बना रहे।

काउंसिल ने कुछ समय में अच्छी पहल कर राजस्थान डेल्फिक खेलों के आयोजन से कला एवं संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राजस्थान कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है।

सिंह शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में तीन दिवसीय शरद रंग महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मसूरी में ट्रेनिग के दौरान यह सिखाया जाता था कि सरकारी सेवा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर पदस्थापन के दौरान कार्य की व्यस्तता रहती है, ऐसे में अपनी हॉबी को बनाए रखे। इसके लिए समय जरूर निकाले। उन्होंने कहा कि राजस्थान की संस्कृति जीवन शैली में घुली मिली है और उसे आगे बढ़ाने के लिए डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान युवाओं को बेहतर मंच प्रदान कर रहा है।

प्रमुख शासन सचिव सहकारिता एवं डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने काउंसिल का परिचय देते हुए काउंसिल द्वारा किए गए आयोजनों एवं गतिविधियों के बारे में बताया। प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर एवं पीसीसीएफ (प्रशासन) अरिजीत बनर्जी ने इस मौके पर कहा कि डेल्फिक की गतिविधियां रोचक एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी कला एवं विज्ञान का मेल है।

# 12 किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ट्रेन, प्लेटफार्म पर सघन चैकिंग के विशेष अभियान के तहत दुर्गापुरा रेल्वे स्टेशन से अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शराब बरामद की। इसी तरह अलग अलग मामलों में दो मोबाइल चोर गिरफ्तार किए। गांजा लेकर आया आरोपी दुर्गापुरा रेल्वे स्टेशन के पास डिलीवरी की फिराक में था। विधानसभा चुनावों को देखते हुए विभिन्न ट्रेनों एवं रेल्वे स्टेशनों पर अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध राशि के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्पेशल फ्लाईग स्कवॉड तैनात की गई है।

पुलिस निरीक्षक वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि जीआरपी स्पेशल फ्लाईग स्कवॉड टीम ने रेलवे स्टेशन, जयपुर दुर्गापुरा, गांधी नगर पर विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशन पर सघन एवं आकस्मिक चैकिंग का अभियान चलाया गया। पुलिस ने चैकिंग के दौरान दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सराणा अजमेर निवासी सेठूराम गुर्जर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद किया।

# राजस्थान में गांजा सप्लाई करने वाला तस्कर दबोचा

- **आरोपी के कब्जे से 11 किलो 225 ग्राम अवैध गांजा बरामद**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्जीय मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से 11 किलो 225 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपित अवैध मादक पदार्थ गांजा उडीसा (मुन्नी गुडडा जिला रायगढा) से अज्ञात व्यक्ति से लाना स्वीकार किया। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सीएसटी ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्जीय मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर केशव राय (26) निवासी वाराणसी (उत्तरप्रदेश) हाल भिवाड़ी अलवर को गिरफ्तार कर उसके पास से 11 किलो 225 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित केशव राय अवैध मादक पदार्थ गांजा का अन्तर्राज्जीय तस्कर है। यह गांजा लेने के लिये ट्रेन से उडिसा गया था और उडीसा के मुन्नी गुडडा जिला रायगढा से अज्ञात व्यक्ति से 10 किलों गांजा पचास रुपये में खरीदा और पावर्तीपुरम (आंध्रप्रदेश) से समता एक्सप्रेस में बैठकर आगरा तक आया और वहा से बस में रामगढ़ शेखावाटी (सीकर) में गांजा की सप्लाई करने जा रहा था। आरोपित पुलिस को चकमा देने के लिये पार्वतीपुरम (आंध्रप्रदेश) से फरीदाबाद का रेल टिकट बनवाता है और छह राज्यों (आंध्रप्रदेश, उडीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश) उत्तरप्रदेश) से होता हुआ राजस्थान के जिलों में सप्लाई करता है। गिरफ्तार आरोपित से अवैध मादक पदार्थ गांजा के सप्लायर एवं खरीददार के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



**Universal Music Day**

Music history dates as far back as human history. In fact, historians tend to believe that music actually predated language in the development of human culture. Human infants even make noises that are very much like singing, and this happens far earlier than they are able to develop language skills. Founded as a global celebration that embodies the freedom and self-expression of music, Universal Music Day got its start in 2007 as the brain child of Susan Patricia Golden. Believing that music is the greatest gift that humans can give themselves



#MIND&BODY

# Brain Is Rewired During Pregnancy

Pregnancy can lead to long-term rewiring of the female brain





Researchers at the Francis Crick Institute have shown that pregnancy hormones 'rewire' the brain to prepare mice for motherhood.

Their findings, published on Oct 9 in Science, show that both oestrogen and progesterone act on a small population of neurons in the brain to switch on parental behaviour even before offspring arrive. These adaptations resulted in stronger and more selective responses to pups.

It is well known that while virgin female rodents do not show much interaction with pups, mothers spend most of their time looking after young. It was thought that hormones released when giving birth are most crucial for this onset of maternal behaviour.

But earlier research also showed that rats who have given birth by Caesarean section, and virgin mice exposed to pregnancy hormones, still display this maternal behaviour, suggesting that hormone changes already during pregnancy may be more important.

In the current study, the researchers found that female mice indeed showed increased parental behaviour during late pregnancy, and that exposure to pups wasn't necessary for this change in behaviour.

They found that a population of nerve cells (galanin-expressing neurons) in an area of the brain called the medial preoptic area (MPOA) in the hypothalamus, associated with parenting, was impacted by oestrogen and progesterone.

Brain recordings showed that oestrogen simultaneously reduced the baseline activity of these neurons and made them more excitable, whereas progesterone rewired their inputs, by recruiting more synapses (sites of communication between neurons).

Making these neurons insensitive to hormones completely removed the onset of parental behaviour during pregnancy. Mice failed to show parental behaviour even after giving birth, suggesting there is a critical period during pregnancy when these hormones take effect.

While some of these changes lasted for at least a month after giving birth, others seem to be permanent, suggesting pregnancy can lead to long-term rewiring of the female brain.

Jonny Kohl, Group Leader of the State-Dependent Neural Processing Laboratory at the Crick, said: "We know that the female body changes during pregnancy to prepare for bringing up young. One example is the production of milk, which starts long before giving birth. Our research shows that such preparations are taking place in the brain, too.

"We think that these changes, often referred to as 'baby brain', cause a change in priority – virgin mice focus on mating, so don't need to respond to other females' pups, whereas mothers need to perform robust parental behaviour to ensure pup survival. What's fascinating is that this switch doesn't happen at birth – the brain is preparing much earlier for this big life change."

RachidaAmmari, postdoctoral fellow at the Crick, and first author along with PhD student Francesco Monaca, said: "We've demonstrated that there's a window of plasticity in the brain to prepare for future behavioural challenges. These neurons receive a large number of inputs from elsewhere in the brain, so now we're hoping to understand where this new information comes from."

The researchers believe the brain may also be rewired in a similar way during pregnancy in humans, as the same hormonal changes are expected to impact the same areas of the brain. This could influence parental behaviour alongside environmental and social cues.



# Covering Vishwanath Pratap Singh Was The Turning Point

PART-1

Through her years as a journalist, Neerja Chowdhury focused on a wide array of subjects, ranging from social issues to political developments. Her reporting has often been commended for its research, balanced perspective, and a deep understanding of the complexities of Indian politics as well as society. Behind the scenes, her work often took her to various corners of the country. It brought her the assorted experience of sometimes getting to seek shelter at the homes of wealthy people and, at times, spending nights on the benches of colleges – as she shared during the Prabha Khaitan Foundation event.



With an illustrious career that spans over four decades, veteran journalist Neerja Chowdhury has built her presence as a resilient figure in the landscape of Indian journalism. (Image source: Neerja Chowdhury/Twitter)


#NEERJA CHOWDHURY



Shreya Biswas
*Multimedia journalist and editor*

To me, the name 'Neerja' always brings back memories of sweltering summer afternoons in Kolkata, reading Rabindranath Tagore's Malancha while swaying on a plastic hammock in our front yard. But the 'Neerja' of Tagore's novella – who is largely remembered as the frail victim of a patriarchal society – sits in absolute contrast to her namesake about whom I am writing today.

With an illustrious career that spans over four decades, veteran journalist Neerja Chowdhury has built her presence as a resilient figure in the landscape of Indian journalism. Since the 1970s, Chowdhury has been navigating through the complex world of journalism in India with her incisive reporting and commentary, largely analysing the intricate tapestry of Indian politics, government policies, and international relations. Her countless reportages document some of the most important and pivotal moments in the nation's history, captured in a score of momentous publications – including The Times of India and The Indian Express.





Speaking about his experience of reading Neerja Chowdhury's newly released book, How Prime Ministers, journalist Rajdeep Sardesai noted that it reveals how the Indian government functions, and uncovers the mistakes of various political parties. (Image courtesy: Aleph Book Company/ Twitter)

## Beginning her career with Himmat

Neerja Chowdhury candidly shared her introduction to a career in journalism in an interaction at a recent event hosted by the Prabha Khaitan Foundation. She said that she "strayed into journalism accidentally". Chowdhury had originally pursued a degree in architecture at the School of Architecture and Planning in New Delhi. However, she left that path halfway after she met biographer, historian and former member of the Rajya Sabha Rajmohan Gandhi, who at that point was running Himmat, an English weekly based out of Mumbai (then Bombay). The meeting encouraged her to realise her true passion.

> Neerja Chowdhury, in an interview, spoke about how towards the end of the Emergency, they would be forced to go from one printing press to another to get the journal published. In a bid to change the situation, the publication began asking the readers to chip in whatever they could so that they could afford a printing press of their own.



Veteran journalist Neerja Chowdhury, be it in her book or her countless news articles,articulates her narrations in such a way that makes her subjects come alive in her readers' minds (Image courtesy: Aleph Book Company/ Twitter)

Chowdhury then began her career as a journalist at Himmat in the midst of the Emergency in the 1970s. And it was "really an exciting period" for Chowdhury, as she told journalist Madhu Trehan in an interview with for the latter's media outlet Newslaundry a few years ago.

Recounting her experience of working for this publication, Chowdhury shared with a laugh how, after writing an article about a high-profile wedding, she was "given a rocket" for describing the groom's outfit as a "silk kurta" when it was actually a kurta made from khadi material. Such learning experiences, in my view, are what inculcate the importance of fact-checking in a journalist's mind.

Neerja Chowdhury, in this interview, also spoke about the difficulty that her team faced with the printing presses at the time, and how, toward the end of the Emergency, they would be forced to go from one printing press to another to get the journal published each week. In a bid to change the situation, the publication began asking the readers to chip in whatever they could so that they could afford a printing press of their own. Unfortunately, though, the publication of the weekly magazine had to be shut down in 1980 due to lack of funds. This experience made her realise that one could "fight the censorship of the government, but it was more difficult to fight the market forces".


## Lessons on writing with a human touch & getting your facts right

Through her years as a journalist, Neerja Chowdhury focused on a wide array of subjects, ranging from social issues to political developments. Her reporting has often been commended for its research, balanced perspective, and a deep understanding of the complexities of Indian politics as well as society. Behind the scenes, her work often took her to various corners of the country. It brought her the assorted experience of sometimes getting to seek shelter at the homes of wealthy people and, at times, spending nights on the benches of colleges – as she shared during the Prabha Khaitan Foundation event. But the path to finding your footing in the jungle of journalism can be riddled with hurdles. Chowdhury shared that getting back on what she described as "the conveyor belt" was not easy. At one point in her career, she had to take up a job at The Press Institute that initially paid a salary of Rs 500 (before eventually raising it to Rs 750).

> The thing that fascinated Chowdhury the most, as she pointed out at the Prabha Khaitan Foundation event, was "to discover India" each time she hit the road to cover an election - how the language, the cuisine, the thought processes of people, etc. changed "every 20 kilometres".

In 1982, Chowdhury joined The Statesman as the Civil Rights correspondent, a role that allowed her to cover issues like child labour, bonded labour, undertrials in jail, etc. While following up on one such story – as she shared during the above-mentioned discussion – Chowdhury found herself in a corner of rural Bihar where she had arrived to meet an undertrial who had been in Muzaffarpur jail for over 30 years. After she wrote the story, it gave way to a Public Interest Litigation (PIL) and, eventually, this became the "first case" where an undertrial was given compensation, Chowdhury shared.

Speaking about her experience at The Statesman during her interview with Newslaundry, she described it as "the paper which gave a lot of importance to sub-editing". Subsequently, she moved on to The Indian Express, where, Chowdhury recalled, she "would spend hours trying to learn how somebody's name was spelt". Covering the background of a story, she said, would sometimes even take days.



The cover of veteran journalist Neerja Chowdhury's newly released book, How Prime Ministers Decide.

At The Indian Express, Chowdhury was working under Arun Shourie, who was the editor of the newspaper at that point. As one of the junior-most members of the bureau, she was assigned the job of covering Vishwanath Pratap Singh's (popularly known as VP Singh) newly-formed Jan Morcha, a party the former prime minister had just launched after his split from the Indian National Congress. This assignment would go on to be a significant landmark of Chowdhury's career as the Jan Morcha evolved to form the Janata Dal that opposed the Congress party in the 1989 general elections.

The thing that fascinated Chowdhury the most, as she pointed out at the Prabha Khaitan Foundation event, was "to discover India" each time she hit the road to cover an election – how the language, the cuisine, the thought processes of people, etc. changed "every 20 kilometres".

## Legwork, credibility & making your mark

Neerja Chowdhury's work in journalism has been recognized multiple times over the years with several prestigious awards and accolades. Among her notable achievements were awards for investigative journalism, social impact reporting, and outstanding editorial contributions. Of these accolades, one that stands out is the Chameli Devi Jain Award.

The Chameli Devi Jain Award for Outstanding Women Media Person, which is given to women in the field of journalism, is named after the first Jain woman who was sent to prison for fighting in India's struggle for independence. After the award was instituted in 1980 by The Media Foundation, Neerja Chowdhury became the first recipient of the inaugural award in 1981.

**To be continued...**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Former prime minister Indira Gandhi is one of the leaders whom veteran journalist Neerja Chowdhury covered in her newly released book, How Prime Ministers Decide. (Image source: Press Information Bureau)

#ART EXHIBITION

# THREADS OF SURVIVAL

Embark on a journey through endangered realms with Anaïs Beaulieu's breath-taking art exhibition at Kishan Bagh. Stitching together communities and creativity, her work transforms waste into intricate masterpieces, embodying resilience against the looming climate crisis and threat of disappearance. Witness the power of art to inspire change, as every stitch tells a tale of hope, resilience, and environmental stewardship.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



In a harmonious blend of artistry and environmental consciousness, Jaipur is hosting a one-of-its-kind art exhibition, bridging communities and creativity. From October 7 to October 15, the Kishan Bagh in Vidyadhar Nagar, has become a canvas for the 'Threatened Species Threatened Spaces' (TSTS) project, an inspiring initiative orchestrated by Alliance Française Jaipur and supported by the French Institute Paris and The French Institute in India.

## Setting the Stage

Renowned French artist and environmentalist Anaïs Beaulieu takes the spotlight in this innovative exhibition. Having embarked on a remarkable journey across four Indian cities - Trivandrum, Delhi, Pune, and finally Jaipur, Anaïs collaborated closely with local communities. Together, they identified endangered flora and fauna native to each region, infusing life into plastic bags through intricate embroidery. This unique act of artistic resistance emerged as a response to the looming climate crisis, symbolizing resilience and hope.

## Art for a cause

At the heart of this immersive artist workshop lies a noble objective - to engage with local communities deeply impacted by various threats. Whether facing imminent endangerment or valiantly working to mitigate natural and man-made challenges, these communities have become the focal point of Anaïs's artistic endeavors. Collaboratively, they transformed collected waste into stunning works of art, embellishing the fabric of their cities with imprints of threatened spaces. Through this artistry, the exhibition delves into the profound implications of disappearance and change, weaving a powerful narrative of environmental consciousness.

In the weeks leading up to the exhibition, Anaïs collaborated with the People's Awareness Network Society (PANS) NGO, an organization dedicated to skill enhancement and income generation in the Ramsar Palawala village near Jaipur. Together, they harnessed the transformative power of art, empowering a community of women to create extraordinary pieces. These creations, born from the hands of the resilient women of Ramsar Palawala village, most of whose husbands lost stable employment during the pandemic, stand testament to the beauty that emerges when creativity and purpose intersect.





Telling more about the initiative, Director of Alliance Française, Jaipur, Sanjana Sarkar says: "The project "threatened species//threatened spaces" is a statement of artistic resistance. The global climate crisis would not be solved in a day, and even less possibility that an embroidery project would lead us in that direction. We understand that. But what this project envisages is to create slow, collective grassroots efforts that perhaps bring attention to what is the effect of our global actions on smaller communities, and in spite of the pretty bleak situation, there are groups and individuals making one last attempt to make things better. Anais and the communities across Trivandrum, Delhi, Pune and in Jaipur, are showcasing the power of dialogue, exchange and art."

## A Call to Witness

Talking about this project, Anais Beaulieu said, "The project speaks of the need to rethink our connections with the "living" and to include ourselves in it, not as a superior being but rather as part of a whole. Learn to live together. Because we no longer have the choice to continue to do what we have done for the past centuries. Respect the territories of the other as the one on which we walk without setting borders."

Jaipur, the final stop on this transformative artistic circuit, beckons art enthusiasts, environmentalists, and the curious-minded to witness this extraordinary exhibition. Beyond the aesthetic allure, it serves as a profound reminder of our shared responsibility to protect threatened species and spaces. By bridging the gap between art and activism, Anaïs Beaulieu's visionary work sparks conversations, ignites passions, and inspires a collective movement toward a sustainable future. Every stitch tells a compelling narrative of art, resilience, and the enduring spirit of communities standing tall against the challenges of our time.


The project is supported by network of Alliance Francaise in India, along with French Institute in India and Indian institute of Crafts and Design.

When: October 7 to October 15

Where: Kishan Bagh, Naya Khera, Vidyadhar Nagar




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध शराब गोदाम पर छापा, एक गिरफ्तार

## भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब जब्त



श्रीमाधोपुर पुलिस ने शराब गोदाम पर छापा मारकर एक आरेपी को गिरफ्तार किया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विधानसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता में अवैध शराब की बिक्री और भंडारण के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। श्रीमाधोपुर पुलिस ने नीमकाथाना डीएसटी टीम के सहयोग से एक शराब गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब तथा बीयर की बोतलें बरामद की हैं।

थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया कि इस मामले में देशी शराब के 376 पव्वे, 69 बोतल बीयर, विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब के 102 पव्वे तथा 15 हाफ मिले हैं। इन सबको जब्त कर विक्रय करने वाले कृष्ण कुमार पुत्र राम सिंह जाट निवासी ढाणी चैयरमेनवाली तन हांसपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह शराब गोदाम कृषि उपज मंडी समिति श्रीमाधोपुर के मुख्य गेट के आगे इंदिरा रसोई के पास जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थित है डीएसटी टीम की सूचना पर पुलिस ने टीम का गठन कर छापा मारा तथा उक्त कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

## राजेन्द्र नायक का निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान

**सुजानगढ़, (निसं)।** भाजपा में टिकट बंटवारे के बाद लगातार विरोध स्वर के उठ रहे हैं। टिकट की दावेदारी जता रहे भाजपा एएसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। नायक ने कहा कि भाजपा द्वारा एससी वर्ग में सिर्फ मेघवाल जाति को तवज्जो दी जा रही है। जिस कारण अन्य पिछडे वर्ग के साथ टिकटों में भेदभाव किया जा रहा है।

नायक ने कहा कि सुजानगढ़ पंचायत समिति, बीदासर पंचायत समिति, चूरू जिला प्रमुख एक जाति विशेष के होने के बावजूद भी सुजानगढ सीट पर एक जाति पर ही बार-बार दांव खेला जा रहा है। जिस कारण पार्टी में अंत्योदय विचारधारा पर काम नहीं हो रहा।

नायक ने कहा कि वे जनता के बीच में जाकर अब चुनाव लडेंगे। इसके अलावा उन्होनें कहा कि उनके पास कई पार्टियों के ऑफर आ रहे है। लेकिन वे निर्दलीय के रूप में चुनाव लडेंगे। गौरतलब है कि सुजानगढ़ सीट पर भाजपा ने संतोष मेघवाल को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद अन्य दावेदार टिकट का विरोध जताते हुए निर्दलीय चुनाव लडने का एलान कर रहे है।

# विवाहिता की गला रेती लाश खंडहरनुमा मकान में मिली

## हत्यारों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र में हलेड़ रोड़ पर स्थित प्रियदर्शनी नगर के एक खण्डहर मकान के बाथरूम में विवाहिता की गला रेती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की और जब तक मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक लाश नहीं उठाने की चेतावनी दी है।

■ **महिला मजदूरी के लिए घर से निकली जो वापस नहीं लौटी**

उप पुलिस अधीक्षक सदर लक्ष्मणराम ने बताया कि हलेड़ रोड़ पर स्थित प्रियदर्शिनी नगर के एक निर्माणाधीन खण्डहर मकान के बाथरूम में एक महिला की गला रेती लाश पड़ी होने के सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक महिला की पहचान प्रतापनगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर की रहने वाली एक विवाहिता के रूप में हुई है। मृतका के हाथ पर उसके पति का नाम गुदा हुआ था। बताया जा रहा है कि उसके चार बच्चे है। वह मजदूरी के लिए कल सुबह घर से नकिली जो वापस नही लौटी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका की लाश पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल पहुचाया है। फिल्हाल एमजी मोर्चरी के बाहर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है वही पुलिस मामले में सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्य जुटा कर हत्यारों की तलाश में जुटी है।



विवाहिता की गला रेती लाश।

# नाबालिग से दुष्कर्म कर जबरन गर्भपात कराया

## छात्रा के पिता ने एक सरकारी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शाहपुरा जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र की एक 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा के पिता ने अपनी बेटी से जबरन दुष्कर्म कर और गर्भपात कराने को लेकर एक सरकारी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पिता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि मेरे घर से कुछ दूर ही एक बाड़ा है जहां पशु बंधे रहते हैं रोजाना मेरी लड़की भेंसों को चारा पानी डालने जाती थी। छह माह पूर्व से ही पड़ोसी एक सरकारी टीचर सागर तेली उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। जब उसको पता चला कि नाबालिग गर्भवती है तो सरकारी शिक्षक और उसकी बहन ने मिलकर गर्भपात की टेबलेट लाकर जबरन खिलाई जिससे मेरी पुत्री का 11 अक्टूबर को तेज पेट दर्द करने लगा जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर गए और उसका प्राथमिक उपचार कराया। बाद में नाबालीग की मां के पूछने पर आपबीती बताई पिता ने पुलिस में पहुंचकर मामला दर्ज कराया। शिक्षक की इस करतूत में उसका साथ उसकी बहन ने भी दिया। इस घटना के बाद से ही सरकारी शिक्षक गांव से भाग छूटा। आरोपी शिक्षक की उम्र 24 वर्ष है।

## थ्रेशर मशीन में आने से किसान घायल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के ओजियाड़ा गांव में थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से प्रौढ़ के दोनों हाथ कट गए। गंभीर घायल किसान को एमजी हॉस्पिटल लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के ओजियाडा गांव में खेत पर कुट्टी काटते समय एक प्रौढ़ किसान घनश्याम पिता उदय लाल अहीर थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गया। हादसे में प्रौढ़ के दोनों हाथ कट गए, प्रौढ़ को गंभीर घायल अवस्था में निजी साधन से एमजी अस्पताल लाया गया। हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# अजमेर के भाजपा पार्षद के निलंबन आदेश पर रोक

**जयपुर, (का.सं.)।** भाजपा के अजमेर के बिजय नगर वार्ड नं.6 के पार्षद के निलंबन पर राजस्थान हाईकोर्ट ने रोक लगाई है। न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने महेश कुमार जैन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किये।

याचिकाकर्ता की ओर से दायर रिट याचिका में अधिवक्ता सहवान नकवी पैरवी के लिये पेश हुए थे। उनकी ओर से दायर याचिका में बताया गया कि महेश कुमार जैन के खिलाफ अरुण कुमार जोशी द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में दो नवम्बर 2022 को महेश कुमार जैन को जमानत दे दी गई। इसके बाद उन्हें नगर पालिका की ओर से एक नोटिस दिया गया जिसके अनुसार उनको कहा गया कि अरूण जोशी ने उन पर रिश्वत लेने का आरोप लगया और स्पष्टीकरण मांगा। हाईकोर्ट के समक्ष याचिका में कहा गया कि नगर पालिका अजमेर के उन निदेशक और स्थानीय निकाय विभाग के उप निदेशक तथा अन्य अफसरों के साथ पत्र व्यवहार के बाद याचिकाकर्ता इस इंतजार में था कि उनसे और सवाल-जवाब किये जाएंगे परंतु 24 अप्रेल 2023 को उन्हें पता चला कि उन्हें घूस लेने के आरोप में मुजरिम माना गया है और उन्हें पार्षद के पद से हटा दिया गया है। हैरानी की बात थी कि याचिकाकर्ता महेश कुमार जैन को निलंबन के आदेश की कॉपी भी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनके निलंबन की जानकारी 30 अप्रेल 2023 को स्थानीय अखबार के जरिये प्रकाशित भी की गई।

याचिकाकर्ता द्वारा स्थानीय निकाय विभाग और नगर पालिका द्वारा उनके निलंबन की कॉपी मांगी गई परंतु उन्हें कभी भी उपलब्ध नहीं कराया गया। याचिकाकर्ता का कहना है कि 9 मई को स्थानीय निकाय विभाग जयपुर द्वारा उक्त मामले में केवियट भी दायर की गई ताकि याचिकाकर्ता की रिट को सुनने से पूर्व हाईकोर्ट स्थानीय निकाय के पक्ष को सुने। उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि उनके निलंबन के आदेश न्यायिक जांच के बगैर पारित किये गये।

अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता के निलंबन आदेश की कॉपी उपलब्ध नहीं कराये जाने और वे आरोप जो नगर पालिका और स्थानीय निकाय विभाग द्वारा उनके निलंबन आदेश में सही ठहराये गये थे उनको रद्द करने की गुहार भी की गई। अदालत ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद कहा कि उक्त मामला विचाराधीन है और साथ ही 24 अप्रेल को पास किये गये निलंबन आदेश पर भी अंतरिम रोक लगा दी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को की जायेगी।

# व्यापारियों को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ तस्वीर डालते हुए शहर के व्यापारियों की धमकाने के मामले में गंज थाना पुलिस ने आकाश सोनी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसे शुक्रवार दोपहर अदालत में पेश किया। जहां से उसको न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। थानाप्रभारी भीकाराम काला ने बताया कि गंज बड़ी नागफनी गोपाल कुण्ड रोड निवासी आकाश सोनी उर्फ गोल्डी (29) को देर रात गिरफ्तार किया है। आकाश सोनी पर सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ अपनी फोटो डालकर शहर के लोगों को धमकाने व दहशत फैलाने का आरोप है। पुलिस ने मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्जकर कार्रवाई की। पुलिस आरोपी से तस्वीरों में दिखाए हथियार बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

## नगदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक दम्पति के खिलाफ प्लॉट बेचने का सौदा कर 3 लाख रूपए लेकर हड़पने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मुकेश पुत्र जगदीश चन्द कुमावत निवासी सर्वऋतु विलास ने सोहन पुरी गोस्वामी निवासी तारावट वल्लभनगर, इसकी पत्नी हिना गोस्वामी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि इस दम्पति ने वर्ष 2021 में उसे एक प्लॉट दिखाया और इस प्लॉट को बेचने का ऑफर दिया। आरोपियों ने इस प्लॉट का सौदा 11 लाख रूपए में कर किया।

## आबकारी टीम ने 35 लीटर हथकड़ शराब जब्त की

**मालपुरा, (निसं)।** गुरूवार को आबकारी थाना मालपुरा एवं मोर थाना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से रतवाई मोड के पास जंगल में छापामार कार्यवाही कर 2400 लीटर वॉश नष्ट कर 35 लीटर हथकड़ शराब जब्त मौके पर तीन भट्टियों को नष्ट किया गया।

मोर थानाधिकारी रतन सिंह तंवर ने अभियुक्त रसगुल्ला देवी पत्नी फुलेल सांसी ग्राम रतवाई के विरूद्ध अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करी अधिनियम क तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं विधानसभा चुनाव-2023 के निष्पक्ष एवं निर्विवाद पारदर्शी मतदान को लेकर उपजिला कलेक्टर मनोज कुमार ने गुरूवार को मालपुरा विधानसभा भाग संख्या 94 के मालपुरा व टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के थानाधिकारियों की बैठक लेते हुए बिना स्वीकृति अवैध रूप से चल रही शराब व डोडा पोस्त की ब्रांचों पर छापामार कार्यवाही कर धरपकड़ के आदेश दिये हैं।

# चोरी व गुम हुए 5 लाख के 28 मोबाइल बरामद

**नागौर, (निसं)।** नागौर सदर पुलिस थाना टीम ने चोरी व गुम हुए 28 मोबाइल बरामद किए हैं जिनकी बाजार कीमत 5 लाख रूपए हैं। सदर पुलिस ने इन चोरी व गुम हुए मोबाइलों को गुजरात, उत्तरप्रदेश, आन्द्रप्रदेश तथा राजस्थान के विभिन्न जिलों से बरामद किया है। थाना सदर नागौर पुलिस टीम की यह शानदार कार्यवाही रही। सदर थानाधिकारी सुखराम चोटयिा व उनकी टीम ने 3 माह में चोरी व गुम हुए 28 मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने इस आशय के निर्देश दिए थे जिसकी पालना में सदर थानाधिकारी मय टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

■ **मोबाइलों को गुजरात, उत्तरप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश तथा राजस्थान के विभिन्न जिलों से बरामद किया है**

सदर थानाधिकारी सुखराम चोटिया ने बताया कि अलग.अलग समय में अलग.अलग प्रार्थीयों ने उपस्थित थाना होकर या ऑनलाईन पार्टल पर चोरी व गुम हुवे मोबाइल कि शिकायत दर्ज कराई थी। इन शिकायतो पर शिकायत दर्ज कर अनुसंधान व तलाश प्रारम्भ किया गया था। आसूचना व कार्यवाही गुम मोबाइलों की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुवे व उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार ओमप्रकाश हैड कानि सुरेन्द्र काला कानि, पुनाराम गोदारा कानि साईबर सैल, रिद्वकरण कानि की टीम बनाई जाकर गुमसुदा मोबाइल होने की शिकायतो पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने के लिये निर्देश नागौर एसपी ने दिये थे।

मोबाइल फोन की तलाश हेतु समय समय पर मोबोइल गुमसुदा की कॉल डिटेल व ट्रेस हेतु पत्र भेजकर व पोर्टल पर चोरी व गुम हुए मोबाईल को ब्लॉक की कार्यवाही करते हुए विभिन्न कंपनियो के लगभग 5 लाख रूपये कीमत के 28 मोबाइल फोनो को गुजरात आन्ध्रप्रदेशए उत्तर प्रदेश व राजस्थान के अलग.अलग जिलो से बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में सुरेन्द्र काला कांस्टेबल का विशेष योगदान रहा।



नागौर पुलिस ने चोरी व गुम हुए 28 मोबाइल बरामद किए।

# नाबालिग से अश्लील हरकत के आरोपी को पांच साल की सजा सुनाई

## 20 हजार के अर्थदंड दंडित किया, 14 गवाह व 25 दस्तावेज पेश किए

**अजमेर, (कासं)।** नाबालिग बालिकाओं का पीछा कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को शुक्रवार को अजमेर की पोक्सो कोर्ट के जज ने पांच साल की साज सुनाकर दंडित किया, साथ ही 20 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह 25 दस्तावेज पेश किए गए।

अजमेर की विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेंद्र परिहार ने बताया कि केकड़ी शहर थाने में 3 मई को पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी। दर्ज शिकायत में बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री 2 मई 2023 को शादी के कार्यक्रम होने से घर के पड़ोस में खेल रही थी, उसे दिन बारात आई थी, जिसमें हेमराज जाट ने शराब पी रखी थी। वह सभी लड़कियों के प्रति बुरी नजर बनाए हुए था। रात में नौ बजे के करीब नाबालिग लड़कियां बाड़े में शौच करने गई तभी हेमराज उनके ऊपर काफी समय से नजर बनाए हुए था वह भी चला गया, जाते ही हेमराज को देखकर सभी लड़कियों ने भागने की कोशिश की तो आरोपी ने नाबालिग पीड़िता का हाथ पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। पीड़िता के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां वहां पहुंची तो आरोपी भाग गया। घटना को वहा मौजूद तीनों लड़कियों ने अपनी आंखों से देखा इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी हेमराज पुत्र रामदेव को गिरफ्तार कर लिया।

लोक अभियोजक परिहार ने बताया कि शुक्रवार को पोक्सो कोर्ट-एक में मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 14 गवाह व 25 दस्तावेज पेश किए गए। पीड़िता ने कोर्ट में बयान के समय उसके साथ हुई घटना तथा उसके द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर जज ने आरोपी हेमराज पुत्र रामदेव को पांच साल की सजा सुनाई और 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित भी किया।

वहीं अजमेर के पोक्सों कोर्ट संख्या दो के विशेष न्यायाधीश ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने एवं उसके अश्लील वीडियो बनाने के आरोपी राजकुमार को 20 साल के कठोर कारावास व 50 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाह व 26 दस्तावेज पेश किए गए।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये हड़पे

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के खैरोदा थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने एक युवक के खिलाफ उसे विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपए हड़पने का मामला दर्ज करवाया है।

■ **मोबाइल पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से मैसेज आया था**

पुलिस के अनुसार देवीलाल गुर्जर पुत्र भंवर लाल गुर्जर निवासी बगड खैरोदा, इसके भाई गणेशलाल गुर्जर, जगदीश पुत्र नारायण निवासी गुर्जरों का गुडा वल्लभनगर ने मामला दर्ज करवाया कि वह टाईल्स फिटिंग का काम करता है। उसके मोबाईल पर व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से मैसेज आया जिसमें अरमेनिया में रोजगार का ऑफर बता रखा था। इस पर उसने मैसेज किया कि अरमेनिया में रोजगार में जाने के लिये कितने पैसे लगेंगे तो उसके पास मैसेज आया कि 90 हजार रूपए का खर्चा आएगा। व्हाट्स एप्प पर मैसेज कर रहे इस युवक ने अपना नाम अर्जुन सिंह पुत्र सोहन सिंह चौहान निवासी फ्रैंडस कॉलोनी नजदीक पार्क रिंग मार्ग न्यू फ्रैंडस कॉलोनी दिल्ली होना बताया।

वह उसके झांसे में आ गया और भाई गणेशलाल गुर्जर एवं अपने मित्र जगदीश को भी इस संबंध में जानकारी दी और तीनों ने इस युवक से बात की तो उसने बताया कि उस देश में 60 हजार रूपए मासिक सैलेरी मिलेगी। वह इनकी बातों में आ गया और अलग-अलग समय में 1.70 लाख रूपए ट्रांसफर कर दिए। भाई ने भी 1.70 लाख रूपए ट्रांसफर किए। अर्जुन सिंह ने उससे दस्तावेजात वीजा के लिये मांगे तो उसने सारे दस्तावेज पासपोर्ट, कोरोना सर्टिफिकेट एवं पासपोर्ट साईज का एक फोटो व्हाट्सएप पर भेज दिया। इस पर उसका वीजा व्हाट्स एप्प पर भेजा तो उसने अपने स्तर पर जानकारी ली तो पता चला कि वीजा सही है। इसके बाद उसके भाई और मित्र ने भी अपने दस्तावेज भेजे। इस पर भाई व मित्र को भी वीजा मिल गया। बाद में उसके व्हाटसअप पर एक टिकट मिला, जिस पर वह दिल्ली गया तो उसे पता चला कि यह टिकट फर्जी है। इस पर वह उसके बताए पते पर गया तो वहां पर पता चला कि अर्जुन सिंह चौहान वहां पर किराए से रहता था पर अभी यह शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश में अपने माता पिता के साथ रहता हैं। जब वह शाहजहांपुर गया तो वहां पर भी नहीं मिला और बताया कि वह दुबई में है। उसने पैसे रिटर्न करने के लिए कहा तो वह धमकाने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'भाजपा कभी विचारधारा से समझौता नहीं करती है'

**भीलवाड़ा, (निसं)।** कोई भी कार्यकर्ता हमेशा बाग़ी नहीं रहता है। समय के साथ उसमें सुधार हो जाता है। बाग़ी पहले बाग़ी थे अब वे पार्टी के कार्यकर्ता है। यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को भीलवाड़ा में पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया से कही। बाग़ियों को टिकट देने और टिकट वितरण के बाद हो रहे विरोध पर देवनानी ने कहा कि कार्यकर्ता आकांक्षी होता है और कभी बाग़ी बन जाता है। लेकिन हमेशा बाग़ी नहीं रहता। एक समय बाद वो पार्टी की रितियों-नीतियों के लिए कार्य करता है।

देवनानी ने कहा कि जो काम करेगा उसका विरोध होगा। टिकट मांगना सबका अधिकार है। नाराज़ कोई भी हो सकता है। उन्हें मनाने का काम किया जा रहा है। आकांक्षी लोग विरोध कर रहे हैं। एक दो दिन विरोध के बाद सब कुछ शांत हो जाएगा, सभी पार्टी के वफ़ादार है। देवनानी ने कहा कि भाजपा कभी विचारधारा से समझौता नहीं करती है।



पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने भीलवाड़ा में पत्रकार वार्ता की।

■ **जो काम करेगा उसका विरोध होगा : पूर्व शिक्षा मंत्री देवनानी**

वार्ता के दौरान देवनानी ने राज्य सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के अंतिम दिन नजदीक हैं। इस राज में महिलायें सुरक्षित नहीं रही, युवाओं के साथ परीक्षा के नाम पर खिलवाड़ हुआ है, ये पाँच वर्ष सिर्फ़ अपराध और अपराधियों के नाम ही रहे।

राज्य में प्रतिदिन आठ लोगों की हत्याएं, 18 दुष्कर्म, आये दिन गैंगवार की घटनाओं ने अपराध में राजस्थान को नंबर वन बना दिया है। देश में निर्भया का एक कांड हुआ लेकिन राजस्थान में कई घटनाएँ हुई है, मुख्यमंत्री केवल सत्ता बचाने में लगे रहे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो जिन्होंने पैसा खाया उन्हें जेल में डालेंगे। देवनानी ने राज्य सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को ठंडे बस्ते में डालने के आरोप भी लगाये। वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, सांसद सुभाष बहेड़िया, विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा आदि मौजूद रहे।



कोई संदेह नहीं है कि विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को सात बार हराया है मगर हमें रिकार्डस पर नहीं जाना चाहिये क्योंकि वे टूटने के लिये ही बनते है। -बाबर आजम

पाकिस्तान टीम के कप्तान, अपनी टीम के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## शुभमन गिल

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद ने भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के खिताब से नवाजा है। गिल को सितंबर महीने में एकदिवसीय मुकाबलों में 80 की औसत से 480 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच से एक दिन पहले शुभमन गिल को 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। गिल को सितंबर में उनकी शानदार फॉर्म के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्होंने एशिया कप में 75.5 की औसत से 302 रन बनाए थे इसमें फाइनल में बनाए गए नाबाद 27 रन भी शामिल है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

## अटापट्टू सितंबर माह की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर

दुबई, 13 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टा को सितंबर महीने के 'खिलाड़ी ऑफ द मंथ' के खिताब से नवाजा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को यहां क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू को सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा है। श्रीलंका की महिला कप्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी पहली सीरीज जीती थी। वह तीन महिला टी-20 मुकाबलों में दो में शीर्ष पर रहीं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अटापट्टू ने सीरीज में 114 रन बनाने और पांच विकेट कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उन्होंने सितंबर में पांच महिला टी-20 और तीन एकदिवसीय पारियो में 26 के औसत से 208 रन बनाए। उन्होंने सफेद गेंद प्रारूप में 26.6 की औसत से पांच विकेट भी लिए।

## लियोनेल मेसी ने फार्म में आकर फिटनेस चिंताओं को किया दूर

ब्यूनस आयर्स, 13 अक्टूबर। लियोनेल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो हाल के सप्ताहों में मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह एस्टाडियो मोनुमेंटल में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ की जगह मैदान पर आये। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने तुरंत एल्बीसेलेस्टे को आक्रमण में अधिक प्रवाह प्रदान किया और टीम ने परग्वे को 1-0 से हरा दिया।

## दूसरा फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट आज से

जालंधर, 13 अक्टूबर। पंजाब के जालंधर मे दूसरा फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट 14 अक्टूबर से सुरजीत हॉकी स्टेडियम बाल्टर्न पार्क में खेला जाएगा। स्टार क्लब की प्रबंध सचिव अरविन्दर कौर रोजी ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुरजीत हॉकी सोसायटी, जालंधर के सहयोग से आयोजित इस एक दिवसीय दिवसीय फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट में स्टार क्लब (पटियाला), एवर ग्रीन क्लब (मुहाली), ज्योति क्लब (जालंधर), शहीद भगत सिंह क्लब (होशियारपुर), शेरे पंजाब क्लब (मुक्तसर), माता साहिब कौर क्लब (लुधियाना) और महाराजा रणजीत सिंह क्लब (अमृतसर) सहित कुल आठ टीमें भाग लेंगी।

## वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की लगातार तीसरी जीत, बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

### विलियम्सन-मिचेल की फिफ्टी, फर्ग्यूसन ने झटके 3 विकेट



चेन्नई, 13 अक्टूबर।। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में न्यूजीलैंड ने लगातार तीसरा मुकाबला जीत लिया है। चेन्नई के चेपॉक मैदान पर टीम ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया। इससे पहले टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और अफगानिस्तान को भी हराया था। चेन्नई में बांग्लादेश ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 245 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 42.5 ओवर में 2 विकेट खोकर ही टारगेट हासिल कर लिया। केन विलियमसन ने 78 और डेरिल मिचेल ने 89 रन बनाए। पहली पारी में लॉकी फर्ग्यूसन ने 3 विकेट झटके।

विलियमसन के रिटायर्ड होने के बाद भी डेरिल मिचेल ने अपनी पारी जारी रखी। उन्होंने 67 बॉल पर 89 रन बनाए और ग्लेन फिलिप्स के साथ टीम को जीत दिला दी। फिलिप्स ने 11 बॉल पर 16 रन बनाए। टीम से रचिन रवींद्र ने 9, डेवोन कॉन्वे ने 45 और केन विलियमसन ने 78 रन बनाए। बांग्लादेश से मुस्तफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन को 1-1 विकेट मिला। बाकी बॉलर्स कोई विकेट नहीं ले सके।

12 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने डेरिल मिचेल के साथ न्यूजीलैंड को संभाला। विलियमसन ने फिफ्टी पूरी करने के बाद डेरिल मिचेल के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। विलियमसन चोट से वापसी कर रहे हैं, लेकिन रन लेने के दौरान उन्हें चोटिल हाथ में ही बॉल लग गई। जिस कारण वह 78 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। 92 रन पर दूसरा विकेट गिरने के बाद केन विलियमसन ने डेरिल मिचेल के साथ न्यूजीलैंड को संभाला। दोनों ने 109 बॉल पर 108 रन की पार्टनरशिप की। विलियमसन रिटायर्ड हर्ट हुए और दोनों के बीच पार्टनरशिप खत्म हुई।

## खालिस्तानियों की धमकी के बाद टीम इंडिया की सुरक्षा बढ़ी

### भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच के लिए 12 हजार सुरक्षाकर्मी, बम स्क्वॉड, एंटी ड्रोन तैनात



अहमदाबाद, 13 अक्टूबर। खालिस्तानी आतंकियों की धमकी के बाद टीम इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था करीब 4 गुना बढ़ा दी गई है। गुरुवार शाम भारतीय टीम के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के साथ अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नर्मदा होटल लाया गया। इस दौरान एक, एक, 4, 5 और 100 से अधिक पुलिस, सुरक्षाकर्मी और के जवान तैनात रहे। वर्ल्ड कप में 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मुकाबला खेला जाना है।

टीम की सुरक्षा से जुड़े एक सूत्र ने दैनिक भास्कर को बताया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। अब खिलाड़ी का सुरक्षा घेरा पहले से ज्यादा मजबूत है। एक समय टीम इंडिया के आने पर यहां 2 वैन टीम की सुरक्षा में लगाई जाती थीं, लेकिन आज से लेकर सैकड़ों पुलिसकर्मी लगे हुए हैं। टीम इंडिया की सुरक्षा का जिम्मा गुजरात पुलिस ने लिया है।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने भारत के साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों का भी ध्यान रखा है। पाकिस्तान टीम के खिलाड़ियों के होटल हयात में ठहरने के अरेंजमेंट किए गए हैं। गुजरात पुलिस ने पिछले 2 दिनों से होटल के आसपास सुरक्षा पहरा सख्त कर दिया गया है। होटल के आसपास भी पुलिस घेराबंदी कर दी गई है। इस होटल में केवल पाकिस्तान टीम और उनके मैनेजमेंट के सदस्य ही हैं।

## उम्मीदों के सैलाब से भी निपटने की चुनौती होगी रोहित सेना पर

अहमदाबाद, 13 अक्टूबर। चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप लगातार आठवीं जीत के लिये शनिवार को रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर उतरेगी तो उसके कंधों पर मैदान पर मौजूद करीब एक लाख दर्शकों के साथ ही टीवी और मोबाइल स्क्रीन से चिपके करोड़ों प्रशंसकों की उम्मीदों को बोझ भी होगा। महा मुकाबले के चश्मदीद गवाह बनने के लिये क्रिकेट के दीवाने अहमदाबाद के होटल,रेस्तरां,गेस्ट हाउसों में जम चुके हैं। एक दिवसीय मुकाबलों की बात की जाये तो पाकिस्तान के पक्ष में भारत की तुलना में ज्यादा जीत आयी हैं मगर विश्व कप में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अब तक हार का ही सामना करना पड़ा है। बड़े टूर्नामेंट में होने वाले दवाब में पाकिस्तान की टीम अब तक बिखरी नजर आयी है। भारत और पाकिस्तान ने मौजूदा विश्व कप में अब तक दो दो मैचों में जीत हासिल की है जिससे दोनो टीमो का हौसला बुलंद है मगर रोहित और बाबर की सेना को अपने अपने देशों के करोड़ों प्रशंसकों की उम्मीदों के दवाब से निपटना होगा। भारत की ताकत उसकी मजबूत बल्लेबाजी से आंकी जाती रही है मगर हाल के वर्षो में भारतीयों ने गेंदबाजी में भी खासा सुधार किया है जबकि पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी मौजूदा विश्व कप में अब तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं वहीं नसीम शाह के चोटिल होने से भी मेहमान टीम की गेंदबाजी का धार भी कुंध हुयी है। उधर, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह की स्विंग के अलावा कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा की फिरकी पाकिस्तान बल्लेबाजी की दिशा और दशा बिगाड़ सकती है वहीं रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में तूफानी शतक ठोक कर अपनी शानदार फार्म का मुजाहिरा कर दिया है।

## प्रणव कार्तिक ने जीता पुरुष एकल खिताब

जयपुर, 13 अक्टूबर। गुलाबी नगर के जयपुर क्लब में 9 से 13 अक्टूबर तक आयोजित डॉक्टर बीएल मेहरडा मेमोरियल ऑल इंडिया पुरुषा टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में तमिलनाडु के प्रणव कार्तिक ने दिल्ली के रिदम मल्होत्रा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 6-4 से पराजित कर खिताब जीता वहीं पुरुष युगल वर्ग में दिल्ली के यशवर्धन सिंह ने यूपी के खुश शर्मा के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल के वेट ऑ ब्रायन व रीताब्रता सरकार को बहुत ही रोमाचंक मैच में 7-6, 3-6, 10-3 से पराजित कर टूर्नामेंट का युगल खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के रेफरी रियाज अहमद के अनुसार इस टूर्नामेंट में करीब 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि अमित मेहरडा, वेदांत चौधरी, प्रशांत कोठारी, अनुराग बियानी व श्री गुरु दर्शन सिंह रमाना ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया।

## जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप 2023, गोवा और आंध्रप्रदेश फाइनल में



जयपुर, 13 अक्टूबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर जारी राष्ट्रीय गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में आज दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए सुबह आठ बजे खेले गए पहले मैच में गोवा का सामना असम से था जिसमें गोवा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए असम को 3 - 0 से हराया, गोवा की तरफ से तीनों गोल पर्ल फर्नांडिस ने किए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई।

शाम को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में आंध्रप्रदेश और उत्तरप्रदेश की टीम आमने सामने थी जिसमें आंध्रप्रदेश ने उत्तरप्रदेश को 2 - 0 से हराया, आंध्रप्रदेश की तरफ से दोनों गोल अरुणा ने किए, इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच आंध्रप्रदेश की दस नंबर जर्सी खिलाडी नंदनी को दिया गया। मैच उपरान्त राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने पधारे हुए अतिथियों को सम्मानित किया आज के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व नेशनल प्लेयर और जयपुर बैडमिंटन एसोसिएशन की वाइस प्रेसिडेंट अल्का बत्रा, हिन्दुस्थान जिंक के पूर्व खेलाधिकारी राधेश्याम जी, आंध्रप्रदेश फुटबॉल संघ अध्यक्ष कोटागिरी श्रीधर,झुंझुनूं डीएफए अध्यक्ष पवन शर्मा आदि रहे और हर मैच के भांति पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान किया गया जिसमें आरएसी के पूर्व खिलाडी धीरेंद्र जी और राम बाबू जी को सम्मानित किया गया। रेफरी बोर्ड के चेयरमैन महेंद्र बिजारनिया ने बताया की रविवार को फाइनल मुकाबला दोपहर तीन बजे खेला जाएगा।

**राजस्थान**

## ट्रक में 60 लाख रुपए की अवैध शराब मिली, चालक गिरफ्तार

### ट्रक में दूध बनाने की मशीन थी और चालक के पास इसकी ही बिल्टी थी

**कोटा,** (निसं)। कोटा ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए गुरुवार देर रात को 60 लाख रुपए की अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। ट्रक में दूध बनाने की मशीन थी और चालक के पास इसकी ही बिल्टी थी।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अवैध रूप से शराब उण्डवा होते हुए मध्यप्रदेश ले जाई जाएगी। ऐसे में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को रोका गया। संतोषजनक जवाब नहीं देने और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने के चलते ट्रक की तलाशी ली गई। इस दौरान ट्रक में 615 कॉर्टन अवैध शराब भरी थी। एसएचओ बेरवाल ने बताया कि चंपालाल ने यह शराब पंजाब से भरना बताया है।

साथ ही इस गुजरात के वडोदरा में डिलीवरी देना बता रहा था। ऐसे में अब शराब की डिलीवरी कैसे करनी थी और कौन इसे भेज रहा था। यह सब पड़ताल की जा रही है। इस मामले में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, आबकारी अधिनियम सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालक चंपालाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही ट्रक सहित शराब को भी जब्त कर लिया गया।



कोटा ग्रामीण पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध शराब सहित ट्रक चालक को गिरफ्तार किया।

रामगंजमंडी के थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि ट्रक से अल्कोहल की बदबू आने के बाद चालक से सख्ती से पूछताछ शुरू की गई। इससे चालक चंपालाल घबरा गया। बाद में ट्रक का तिरपाल हटाकर चैक किया गया तब वाहन में पीछे की तरफ एक बड़ा कन्टेनर था, जिसे ग्राइन्डर से कटवाया गया। इसमें अवैध अंग्रेजी शराब के कॉर्टन भरे थे। इसके साथ ही चैकिंग करते समय संदिग्ध वाहन में दूध बनाने की मशीन भी परिवहन की जा रही थी।

## 61 लाख की पंजाब निर्मित अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। आबकारी टीम ने भगेगा बाई पास सिरोही पर नाकाबंदी के दौरान एक कन्टेनर की जांच की तो उसमें पंजाब निर्मित अवैध शराब की 694 पेटियां पाई गई। टीम ने कन्टेनर सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की किमत 61 लाख रुपये बताई है। प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त प्रवीण गुप्ता के निर्देशन में आदर्श आचार संहिता की पालना में आबकारी टीम ने भगेगा बाई पास सिरोही पर नाकाबन्दी के दौरान वाहनों की जांच के दौरान एक कन्टेनर की जांच की गई तो उसमें पंजाब निर्मित अवैध शराब की 694 पेटियां पाई गई। टीम ने कन्टेनर सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आबकारी विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि कन्टेनर में पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की कुल 694 पेंटियां जिनमें बोतल व पव्वे भरे हुए थे जिनको जप्त किया गया तथा आरोपी हनुमान राम पुत्र विरमा राम जाति जाट निवासी कंकराला मुलाणी तन लकडासर पी एस बाखासर तहसील सेडवा जिला बाडमेर को राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया।

## घूसखोर अभियंता के घर से चार लाख की महंगी शराब मिली

**कोटा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की सूचना पर कोटा सिटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घूसखोर अभियंता के घर से चार लाख रुपए की शराब बरामद की है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विदेशी ब्रांड की 190 बोतलें जब्त की है।

घूसखोर अभियंता को डूंगरपुर में एसीबी ने ट्रैप किया था जिसके बाद उसके घर पर तलाशी के लिए एसीबी की टीम गुरुवार को पहुंची थी। इस दौरान शराब के महंगे ब्रांड की बोतलें बरामद हुई। जिस पर एसीबी की टीम ने कोटा शहर पुलिस से संपर्क किया था। कोटा सिटी एसपी शरद चौधरी ने बताया कि एसीबी कोटा के डीएसपी विजय सिंह ने 11 अक्टूबर को सूचना दी थी जिसमें बताया गया था कि डूंगरपुर जिले के जिला परिषद मनरेगा अधिशाषी अभियंता अजय भार्गव को 45 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। उनके कोटा के महावीर नगर विस्तार योजना स्थित मकान पर एसीबी टीम ने कार्रवाई की थी। जहां पर महंगी विदेशी ब्रांड की शराब बरामद की गई है। इस पर महावीर नगर थाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है और अनुसंधान किया जा रहा है कि यह अवैध शराब कहां से आई थी।

- **पुलिस ने विदेशी ब्रांड की 190 बोतलें जब्त की है**

अजय भार्गव वर्तमान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की कस्टडी में है। जिससे इस शराब के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जाएगा।बता दें कि डूंगरपुर जिले के सत्तू पंचायत के सरपंच के बेटे से अजय भार्गव ने मनरेगा में निर्माण सामग्री की स्वीकृति निकालने के लिए रिश्वत की मांग की थी। दो प्रतिशत कमीशन के रूप में 80 हजार रुपए की डिमांड की थी। इस मामले में 20 हजार रुपए उसने पहले ही ले लिए थे। वहीं 45 हजार रुपए लेते समय एसीबी ने उसे ट्रैप कर लिया था।

## अपहरण व दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार



जोबनेर पुलिस ने अपहरण दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को दबोचा।

**सांभरझील,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान के तहत हरिप्रसाद सोमानी अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण, अनूप सिंह वृत्ताधिकारी जोबनेर के सुपरविजन में धर्मसिंह थानाधिकारी जोबनेर के नेतृत्व में टीम का गठन कर अपहरण तथा दुष्कर्म के फरार मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये।

पुलिस ने बताया कि 1 अक्टूबर को परिवादी ने थाना हाजा पर रिपोर्ट पेश की, कि 30 सितंबर की सुबह 7 बजे मेरी पुत्री विद्यालय जाने के लिए घर से गई थी जो विद्यालय में नहीं पहुंची। शाम तक घर नहीं आई तो हमने आस-पास व रिश्तेदारों में काफी तलाश किया लेकिन नहीं मिली। परिवादी ने बहलाकर ले जाने का शक जताया। प्रकरण में गुमशुदा को पुलिस ने 6 अक्टूबर को ग्राम डाबला जिला नीमकाथाना से दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया जा चुका है।

प्रकरण में फरार मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुल्जिम प्रमोद गुर्जर को 12 अक्टूबर को डाबला जिला नीम का थाना से गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।

## खाटूश्यामजी के ड्राई जोन एरिया में शराब का ठेका चला रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर,** (निसं)। सीआईडी क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम ने शुक्रवार को सीकर जिले के खाटूश्यामजी क्षेत्र में स्थानीय थाना पुलिस और जाजोद थाना पुलिस टीम की सहायता से अवैध शराब का ठेका चला रहे दो आरोपियों को पकड़ ठेके से अवैध देशी-अंग्रेजी शराब और बीयर के कार्टन जब्त किये है।

उल्लेखनीय है कि खाटूश्यामजी थाना क्षेत्र का यह इलाका ड्राई जोन एरिया में है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध श्री दिनेश एमएन ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्यनजर राज्य में अवैध मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करी इत्यादि के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के अंतर्गत क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार को सीकर के ड्राई ज़ोन एरिया थाना क्षेत्र खाटूश्यामजी में अवैध शराब का ठेका संचालित होने की सूचना मिली थी। एडीजी एमएन ने बताया कि सूचना की पुष्टि के लिए आईजी प्रफुल्ल कुमार के सुपरविजन एवं एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी व विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, सोहन सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार, कुलदीप सिंह व कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार की टीम गठित कर खाटूश्यामजी भेजी गई थी। टीम ने वहां कुछ दिन स्टे कर सूचना संकलित कर पुष्टि के बाद थाना खाटूश्यामजी एवं थाना जाजोद के साथ मिल पुराना बिजली ग्रेड के सामने चल रहे शराब के ठेके पर दबिश दी।

- **भारी मात्रा में देशी-अंग्रेजी शराब और एक डीप फ्रीज बराबद**
- **दोनों के पास शराब बेचने के कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला**

मौके पर बागरिया वास थाना श्रीमाधोपुर जिला नीमकाथाना निवासी संतोष कुमार मीणा पुत्र जगदीश प्रसाद (33) एवं थाना किरावली जिला आगरा उत्तर प्रदेश निवासी विकास सिंह पुत्र मलखान सिंह (19) मिले। इनके पास शराब बेचने के कोई वैध कागज और लाइसेंस नहीं थे। मौके पर मिले कई कार्टूनों में अवैध देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतल, अद्धे व पव्वे भरे हुए थे। खाटूश्याम जी थाना पुलिस दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। एडीजी ने बताया कि इस कार्रवाई में एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, सोहन सिंह कांस्टेबल कुलदीप सिंह, अरुण कुमार व चालक सुरेश कुमार की विशेष भूमिका रही, वहीं कांस्टेबल जितेंद्र कुमार का तकनीकी सहयोग रहा।

# पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री गहलोत के नज़दीकी खोडनिया पर ई.डी. के छापे

## आर.एल.पी. की महिला विंग अध्यक्ष पर भी ई.डी. की रेड, पेपर लीक के सरगना को भगाने में मदद का आरोप

- जयपुर में किरोड़ी लाल मीणा ने गणपति लॉकर्स में 500 करोड़ होने का आरोप लगा कर दिया धरना।
- कहते हैं, खोडनिया के कहने पर ही उदयपुर विभाग में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग होती थी।

डूंगरपुर/ जयपुर 13 अक्टूबर (का.प्र.)। आरपीएससी शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले के तार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नजदीकी डूंगरपुर के कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया और आरएलपी की महिला नेता स्पर्द्धा चौधरी से भी जुड़ते दिख रहे हैं। पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी भूपेंद्र सारण से पूछताछ के बाद में मिले सबूत के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने जयपुर में स्पर्द्धा चौधरी के ठिकाने पर, जोधपुर में इनसे जुड़े एक अन्य ठिकाने पर तथा सागवाड़ा में कांग्रेस नेता दिनेश खोडनिया और उनके रिश्तेदार अशोक जैन के ठिकानों पर छापेमारी की। बताया जाता है कि, मुख्यमंत्री की मेहरबानी से ही खोड़निया उदयपुर संभाग के सबसे मजबूत नेता बने हुए थे और इनके कहने पर ही क्षेत्र में अधिकारियों की ट्रांसफर - पोस्टिंग होती थी।

इधर जयपुर में भाजपा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल और स्पर्धा चौधरी का पोस्टर दिखाते हुए आरएलपी नेत्री के तार पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका से जुड़े होने के आरोप लगाए। उसके बाद में डॉ. मीणा जयपुर के गणपति प्लाजा स्थित गणपति लॉकर्स पर पहुंच गए। उन्होंने वहां धरना दिया और आरोप लगाया कि इनमें 500 करोड रुपए हैं। इन्हें सील किए बिना वह धरना समाप्त नहीं करेंगे। इसके बाद पुलिस ने गणपति लॉकर्स को सील किया, मीणा ने तब जाकर धरना समाप्त किया।

फिलहाल इस पूरी कार्रवाई को लेकर ईडी की ओर से आधिकारिक रूप से कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

सूत्रों के अनुसार शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में ईडी ने मुख्य आरोपी भूपेंद्र सारण को गत 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर उससे तीन दिन तक पूछताछ की। इन्हीं पुख्ता जानकारियां के आधार पर जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में ईडी की टीमों ने छापेमारी कर पुख्ता सबूत जुटाए हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेहद नजदीकी कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया और उनके रिश्तेदार अशोक जैन के सांगवाड़ा स्थित आवासों पर ईडी की टीमों ने छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि दिनेश खोड़निया की आरपीएससी के सदस्य रहे और पेपर लीक मामले के मुख्य सूत्रधार बाबूलाल कटारा की से घनिष्ठता रही है और कटारा को आरपीएससी सदस्य बनने में भी खोड़निया की प्रमुख भूमिका रही है। आरोप तो यहां तक लगाए जा रहे हैं कि बाबूलाल कटारा से खोड़निया हर महीने पैसा भी लेता था। ईडी को इन दोनों के बीच धन के लेन-देन के सबूत भी मिले हैं। इधर बताया जाता है कि आर.एल.पी. की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष स्पर्द्धा चौधरी की पेपर लीक मामले के फरार आरोपी सुरेश ढाका से दोस्ती है। बताया जाता है कि स्पर्द्धा चौधरी ने पेपर लीक मामले में नाम सामने आने के बाद सुरेश ढाका को भगाने और भूमिगत होने में मदद की थी। इसी के चलते अब ईडी ने उनके ठिकानों पर छापेमारी की है। जोधपुर में भी सुरेश ढाका के संपर्क के लोगों पर ईडी की कार्रवाई की जानकारी है।

### मधुसूदन मिस्त्रा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सदस्य हैं शांति धारीवाल, जो गहलोत की अंदरुनी टीम से एक प्रभावशाली सदस्य हैं। धारीवाल अपने पुत्र को टिकट दिलवाने और विधानसभा का चुनाव लड़ाने के लिये लॉबीइंग कर रहे हैं। ऐसा होने की संभावना है, क्योंकि राहुल गांधी धारीवाल के पुत्र को टिकट देने के लिये सहमत लग रहे हैं।

अत: ऐसा लगता है कि अब शांति धारीवाल की राजनीति समाप्त है तथा वे गहलोत की सत्ता में बने रहने की ललक और हर कीमत पर मुख्यमंत्री पर रहने की उनकी हठधर्मिता की बलि चढ़ गये हैं।

## खोडनिया ने कटारा को आर.पी.एस.सी. का सदस्य बनाया था?

डूंगरपुर, 13 अक्टूबर (निं)। प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया और उनके रिश्तेदार अशोक जैन के घर छापेमारी की कार्रवाई की है। जानकारी मिली है कि, पेपर लीक मामले की जांच को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा के तौर पर दोनों घरों पर हथियारबद्ध जवान तैनात कर दिए गए हैं। ईडी की टीम शुक्रवार को डूंगरपुर सागवाड़ा पहुंची है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 से 8 गाडियों में ईडी की दो अलग-अलग टीमें शुक्रवार को सुबह सागवाड़ा पहुंची।

एक टीम मुख्यमंत्री अशोक

- खोडनिया के नज़दीकी रिश्तेदार पर भी रेड पड़ी।

गहलोत के करीबी कांग्रेस नेता दिनेश खोडनिया के घर पहुंचीं। जबकि दूसरी टीम पुनर्वास कॉलोनी स्थित उनके रिश्तेदार अशोक जैन के घर भी पहुंची। दोनों घरों के बाहर सीआरपीएफ के हथियारबद्ध जवान तैनात कर दिए गए। ईडी के अधिकारी घर के अन्दर छानबीन कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार सीएम के करीबी दिनेश खोडनिया की सिफारिश पर ही बाबू लाल कटारा को आरपीएससी में सदस्य बनाया गया था। जिसे लेकर लेनदेन के भी आरोप लगे थे। ईडी इन्हीं मामलों को लेकर छानबीन कर रही है। हालांकि ईडी के अधिकारी की ओर से रेड के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

# इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को लेकर चार्टर्ड विमान दिल्ली पहुंचा

## केन्द्र सरकार द्वारा ऑपरेशन 'अजय' के तहत विशेष विमान से इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया

नयी दिल्ली, 13 अक्टूबर। फिलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच युद्ध जारी है। इजरायल छोड़ने के इच्छुक 212 भारतीयों को लेकर एक पहली चार्टर उड़ान गुरुवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे से रवाना हुआ और शुक्रवार सुबह दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरा।

केन्द्र सरकार द्वारा ऑपरेशन अजय के तहत विशेष विमान से आज सुबह 5.50 बजे इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया। इस समय करीब 20,000 भारतीयों के इजराइल में फंसे होने की संभावना है और भारत सरकार ने ऑपरेशन अजय के तहत उन्हें स्वदेश सुरक्षित वापस लाने की शुरुआत कर दी है।

इससे पहले विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में गुरुवार को प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि, भारत सरकार का पूरा ध्यान इजरायल में फंसे भारतीयों को वापस लाने पर है। उन्होंने कहा कि, वहां मौजूद भारतीय जो वापस लौटना चाहते हैं, उन्हें

- इस समय करीब 20,000 भारतीयों के इजराइल में फंसे होने की संभावना है और भारत सरकार ने ऑपरेशन अजय के तहत उन्हें स्वदेश सुरक्षित वापस लाने की शुरुआत कर दी है।

भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराने को कहा गया है। इजरायल में करीब बीस हजार भारतीय फंसे हैं।

बागची ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ऑपरेशन अजय आने के इच्छुक भारतीयों की मांग पर आधारित होगा।

फिलहाल चार्टर उड़ानें संचालित की जा रही हैं। लेकिन भविष्य में यदि जरूरत महसूस हुई तो हमारे पास सभी विकल्प हैं। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### रिजिजू ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सचिव अनिल एन्टनी को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। नड्डा ने जतिन्दर पाल मलहोत्रा को चण्डीगढ़ का राज्य अध्यक्ष नियुक्त किया।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा से दुष्कर्म

कोटा, 13 अक्टूबर (निसं)। राजस्थान के कोटा शहर में नीट की तैयारी कर रही बिहार की छात्रा के साथ, खाना पहुंचाने वाले युवक द्वारा दुस्कर्म का मामला सामने आया है। कोटा शहर एस.पी. शरद चौधरी ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने 10 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दी जिसके बाद पुलिस ने एक युवक और हॉस्टल संचालक को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच की जा रही है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि बिहार के सीतामढ़ी जिले की निवासी, 15

- छात्राओं का खाना पहुँचाने वाला युवक और हॉस्टल संचालक गिरफ्तार।

वर्षीय छात्रा कोटा में अपनी बहन के साथ रहकर नीट की तैयारी कर रही है। हॉस्टल में खाना देने आने वाले युवक से उसकी जान पहचान हो गई। आरोपी ने पहली बार फरवरी 2023 में शराब पिलाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वो उसे लगातार ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता था। पीड़िता का आरोप है कि, उसने हॉस्टल संचालक को भी इस पूरी घटना की जानकारी दी लेकिन उसने उल्टा पीड़िता को ही धमकाया और पीड़िता की शादी आरोपी से करवाने की बात कही। जब पीड़िता ने नाबालिग होने की बात बताई तो हॉस्टल संचालक ने बदनामी होने की बात कहकर चुप करा दिया।

जवाहर नगर थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा की शिकायत पर पॉक्सो सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद कोटा निवासी 22 वर्षीय एक युवक और ग्वालियर, मध्य प्रदेश निवासी (54) हॉस्टल संचालक को गिरफ्तार किया गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# 'कर्नल केसरी सिंह को आर.पी.एस.सी. सदस्य बनना मेरी गलती'

## केसरी सिंह के जाति विशेष पर बयानों का लेकर बोले मुख्यमंत्री

जयपुर, 13 अक्टूबर (का.प्र.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य बनाए गए कर्नल केसरी सिंह के पुराने बयानों के वीडियो वायरल होने के बाद यह नियुक्ति मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की गले की फांस बन गई है। वीडियो वायरल होने के चलते अब जाट समाज उनका विरोध भी कर रहा है।

लगातार बढ़ रहे विवाद के चलते बैकफुट पर आए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कर्नल केसरी सिंह की नियुक्ति को लेकर अफसोस जताते हुए कहा कि, आर्मी बैकग्राउंड के व्यक्ति

- कांग्रेस नेता दिनेश खोडनिया पर ई.डी. के छापों पर मुख्यमंत्री बोले, दोषी पर हो कार्यवाही, लेकिन राजनीतिक दबाव में ऐसा नहीं हो।

को लेने और मकराना से हमारे खिलाफ कोई कांग्रेस से टिकट मांगने वाला चुनाव नहीं लड़े, इस लालच में मुझसे गलती हो गई। वहीं डूंगरपुर में कांग्रेस नेता दिनेश खोड़निया पर ई.डी. की रेड को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि, अगर कोई दोषी है, तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए,लेकिन राजनीतिक दबाव में ई.डी. या इनकम टैक्स की कार्यवाहियां नहीं की जानी चाहिए।

शुक्रवार को कांग्रेस वार रूम में हुई बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि, हम उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनसे मुलाकात भी नहीं हो पा रही है।

उन्होंने कहा कि, कोई व्यक्ति आर्मी में 22 साल सर्विस देने वाला हो, तो यही लगता है कि, वह देश प्रेम और देश के लिए मर मिटने के लिए तैयार रहता है। उसके लिए जाति, धर्म, वर्ग सब पीछे रह जाते है। अगर रिटायरमेंट के बाद कोई आर्मी का व्यक्ति इस तरह जाति के हिसाब से बात करे तो ऐसा व्यक्ति स्वीकार्य नहीं हो सकता। इसकी हम निंदा भी करते हैं।

उधर खोड़निया पर कार्यवाही की बात पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि, यदि कोई किसी मामले में दोषी है, तो दोषी के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए,लेकिन सिर्फ राजनीतिक दबाव में ईडी या इनकम टैक्स की कार्यवाही हो तो यह गलत परंपरा है।

# खोडनिया उदयपुर शहर से कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार

उदयपुर, 13 अक्टूबर (कासं)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेपर लीक मामले में शुक्रवार सुबह उदयपुर शहर विधानसभा सीट के प्रबल दावेदार दिनेश खोडनिया सहित कांग्रेस नेताओं के करीबी अशोक जैन के यहां छापा मारा है। ईडी की टीम ने पेपर लीक के मुख्य आरोपी सुरेश ढाका की महिला मित्र स्पर्धा चौधरी के घर भी तलाशी ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों पेपरलीक में शामिल आरपीएससी सदस्य रहे बाबूलाल कटारा और मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण को ईडी ने रिमांड पर लिया था। इनसे पूछताछ में ईडी को कुछ तथ्य मिले हैं, जिसके आधार पर ईडी ने जांच शुरू की और दिनेश खोडनिया,अशोक जैन और स्पर्धा चौधरी के बारे में पड़ताल की।

इसके बाद शुक्रवार सुबह ईडी की टीमों ने बडे ही गोपनीय तरीके से दिनेश खोडनिया, अशोक जैन और स्पर्धा चौधरी के जयपुर, जोधपुर और सागवाड़ा डूंगरपुर कार्यालय सहित करीब 9 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी को संदेह है कि पेपर लीक मामले में बाबूलाल कटारा और भूपेन्द्र सारण के पीछे और बड़े नाम भी हो सकते हैं।

ईडी की इस कार्यवाही से दिनेश खोडनिया का उदयपुर शहर सीट से कांग्रेस का प्रत्याशी बनने का सपना चकनाचूर होने की संभावना है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में डूंगरपुर निवासी दिनेश खोडनिया को उदयपुर शहर सीट से मजबूत दावेदार माना जा रहा था।

लेकिन पेपर लीक मामले में नाम जुड़ने से दिनेश खोडनिया को टिकट मिलना मुश्किल है।

## अंगल्लू हिंसा मामले में नायडू को मिली अग्रिम जमानत

विजयवाड़ा, 13 अक्टूबर। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को अंगल्लू हिंसा मामले में अग्रिम जमानत दे दी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति के सुरेश रेड्डी नेनायडू को अग्रिम जमानत दे दी। नायडू इस मामले में एक आरोपी हैं।

चार अगस्त को जबनायडू अन्नामय्या जिले के अंगल्लू शहर में एक सिंचाई परियोजना का दौरा करने जा रहे थे, तब हिंसक घटनाएं हुई थी। गौरतलब है कि, पूर्व मुख्यमंत्री कथित कौशल विकास घोटाला मामले में नौ सितंबर से राजमुनरी केंद्रीय कारागार में बंद हैं। विजयवाड़ा में एसीबी कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।

## 'अफगानिस्तान में भूकंप से 17,000 लोग प्रभावित'

संरा, 13 अक्टूबर। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि, अफगानिस्तान के हेरात में भूकंप से 17,000 से अधिक लोग और 110 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। दुजारिक ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्टाफ अफगानिस्तान की जरूरतों का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में है। वह जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करने का प्रयास कर रहे हैं। अफगानिस्तान के लिए हमारी मानवीय अपीलें - जैसे कि वहां अधिकांश स्थान अल्प वित्त पोषित हैं, लेकिन हम जितनी जल्दी हो सकेगा प्रभावित लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। दुजारिक के मुताबिक सप्ताह के शुरूआत में आए भूकंप में कम से कम 140 लोग घायल हुए हैं।

## पाकिस्तानी ड्रोन को किया ढेर, दो किलो हेरोइन बरामद

श्रीकरणपुर, 13 अक्टूबर (कासं)। सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) ने पाकिस्तान से आए एक ड्रोन को फायरिंग में मार गिराया। इसके बाद दो किलो 120 ग्राम हेरोइन व गांव 23 ओ के निकट एक निष्क्रिय ड्रोन भी बरामद कर लिया गया।

बीएसएफ सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रात करीब साढ़े 11 बजे के मध्य श्रीगंगानगर के सीमावर्ती गांव 11 एफए के निकट सीमा क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन की आवाज सुनाई दी। भारतीय सीमा में ड्रोन की हरकत

- बी.एस.एफ. ने 109 राउंड फायरिंग की। उसके बाद एक खेत में पीले रंग का हेरोइन का पैकेट व सीमा क्षेत्र के बारानी एरिया में गांव 23 ओ के निकट ड्रोन भी बरामद हुआ।

दिखाई देने पर बीएसएफ जवानों ने लगातार फायरिंग की तो इसकी आवाज बंद हो गई। बताया गया कि करीब आधे घंटे के दौरान कुल 109 राउंड फायर किए गए। ड्रोन से सीमा क्षेत्र में हेरोइन गिराने की आशंका के मद्देनजर रात को ही सीमा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें एक खेत में पीले रंग का हेरोइन का पैकेट व सीमा क्षेत्र के बारानी एरिया में गांव 23 ओ के निकट एक निष्क्रिय ड्रोन भी बरामद हुआ।

# भाजपा की दूसरी लिस्ट का पैनल तैयार

## रविवार को केन्द्रीय चुनाव समिति दूसरी सूची के नाम तय करेगी

जयपुर, 13 अक्टूबर (का.सं.)। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी होने के बाद से उपजे चौतरफा विरोध को समाप्त करने के लिए रणनीति बनाई गई।

भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा विरोध करने वाले प्रत्याशियों एवं समर्थकों से चर्चा कर उन्हें शांत किया जाएगा। कोर कमेटी की बैठक में दूसरी लिस्ट के लिए पैनल पर चर्चा की गई। रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कोर ग्रुप के नेता शामिल होंगे और इस पैनल को केंद्रीय चुनाव समिति के सामने प्रस्तुत करेंगे। अंतिम फैसला केंद्रीय चुनाव समिति का ही होगा। उसके बाद ही प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, कैलाश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उप नेताप्रतिपक्ष सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश प्रभारी प्रह्लाद जोशी,सह प्रभारी कुलदीप बिश्नोई, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, राजेंद्र गहलोत सहित कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए।

# कांग्रेस ने एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया

जयपुर, 13 अक्टूबर (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी की ओर से परंपरागत रूप से एक लाइन का प्रस्ताव बनाकर उम्मीदवार तय करने का अधिकार कांग्रेस आलाकमान को सौंप दिया गया है। अब यहां से पहले से तय किए गए तीन या पांच नाम के पैनल स्क्रीनिंग कमेटी के पास पहुंच जाएंगे और फिर स्क्रीनिंग कमेटी नाम तय करके उम्मीदवारों का चयन करेगी। फिर उस पर केंद्रीय चुनाव समिति की मुहर लगने के बाद उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे।

इधर जयपुर में हुई बैठक के दौरान बहुत से विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौजूदा विधायकों और उम्मीदवारों का जमकर विरोध किया। कांग्रेस वॉररूम में गोविंद डोटासरा,अशोक गहलोत, सचिन पायलट समेत कांग्रेस इलेक्शन कमेटी के नेता बैठक कर रहे थे। उस दौरान ही

- दानिश अबरार, कागजी, अनिल शर्मा, रामवेश मीणा के खिलाफ प्रदर्शन।

मुख्यालय के बाहर अलग-अलग विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने कुछ विधायकों के टिकट काटने की मांग को लेकर हंगामा किया। सवाई माधोपुर, किशनपोल, गंगापुर सिटी और सरदारशहर विधायकों के खिलाफ ये कार्यकर्ता अपने साथ बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे और स्थानीय विधायक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे। कार्यकर्ताओं का साफ कहना है कि, अगर मौजूदा नेताओं के टिकट नहीं काटे गए, तो फिर कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं जीतेगी।

प्रदेश कांग्रेस वाररूम के बाहर सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार, किशनपोल से विधायक अमीन कागजी, सरदारशहर से विधायक अनिल शर्मा, गंगापुर सिटी से निर्दलीय विधायक रामकेश मीणा और फुलेरा से लंबे समय से टिकट पा रहे हरि सिंह परिवार के खिलाफ नारेबाजी होती रही।

### नीतिश कुमार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पश्चिम बंगाल में भू-सुधारों के प्रणेता माने जाने वाले डी. बंद्योपाध्याय ने की थी। इस कमीशन ने एक एकड़ ओर 0.66 से अधिक की सरपल्स भूमि को 16.68 लाख परिवारों के भूमिहीन कृषि कामगारों के न्यूनतम स्तर के आवंटित करने की बिहार सरकार को सिफारिश की थी। कमीशन ने 5.84 लाख गैर-कृषक ग्रामीण कामगारों एवं बेघरों को प्रत्येक 10 दशांक भूमि दिए जाने का भी सुझाव दिया था।

## भारत के चीफ जस्टिस आज जयपुर में

जयपुर, 13 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट की स्थापना के प्लैटिनम जुबली वर्ष में प्रवेश करने पर हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से शनिवार को एक समारोह आयोजित किया जाएगा। शाम पांच बजे से सीतापुरा के जे.ई.सी.सी. परिसर में आयोजित होने वाले इस समारोह में चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया डी.वाय. चन्द्रचूड मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज संजय किशन कौल सहित जस्टिस पंकज मित्थल, जस्टिस रवीन्द्र एस भट्ट, जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी भी शामिल होंगी।

- राजस्थान हाई कोर्ट की स्थापना का प्लैटिनम जुबली वर्ष चल रहा है, इस उपलक्ष में आयोजित समारोह में चीफ जस्टिस शामिल होंगे।

समारोह का स्वागत संबोधन हाईकोर्ट के सी.जे. एजी मसीह की ओर से दिया जाएगा।

समारोह में हाईकोर्ट और कमर्शियल कोर्ट को पेपरलेस करने की कार्यवाही का भी शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, हाईकोर्ट के टेलीग्राम चैनल को लॉन्च करने के साथ ही हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों की तस्वीरों का भी अनावरण किया जाएगा।

समारोह में उन न्यायाधीशों को भी बुलाया गया है, जो राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश या सी.जे. रहे हैं और वर्तमान में अन्य किसी न्यायालय में पदस्थापित हैं। इसके अलावा राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों को भी समारोह में बुलाया गया है। गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट की स्थापना 29 अगस्त 1949 को हुई थी।

# लंदन के फायनैन्शियल टाइम्स को आधार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का अध्ययन किया, जिनमें पता चला कि, इन्डोनेशिया में शिपिंग और इन्श्योरैंस सहित 142 मिलियन डॉलर (1 हजार 37 करोड़ रूपए) की कुल लागत घोषित की गई थी, जबकि भारत के सीमा शुल्क विभाग के समक्ष इसका मूल्य 215 मिलियन डॉलर (1 हजार 570 करोड़ रूपए) घोषित किया गया। इसका मतलब है कि, प्रॉफिट का मार्जिन 52 प्रतिशत रहा था, केवल 30 शिपमैन्ट्स में ही 533 करोड़ डकार लिए गए। बयान में कहा गया है कि, कोयला व्यापार जैसे कम मार्जिन के कारोबारों में भी अडानी का मोदी-मेड मैजिक स्पष्ट नज़र आ रहा है।

इससे एक विशाल घोटाला सामने आता है। अडानी ने सितम्बर 2021 और जुलाई 2023 के बीच कुल 73 मिलियन टन कोयले के 2 हजार कोल शिपमैन्ट आयात किए। इनमें से अडानी ने 42 मिलियन टन का प्रत्यक्ष आयात किया, जबकि अडानी से जुड़े तीन मध्यस्थों ने 31 मिलियन टन कोयला आयात किया। पिछले दो वर्षों में अडानी ने तीन कम्पनियों को 4.8 बिलियन डॉलर (37 हजार करोड़ रूपयों) का भुगतान किया है। यदि लूट का यही मार्जिन माना जाए और उसके अनुसार 30 शिपमैन्ट्स का हिसाब लगाया जाए तो सिर्फ दो वर्षों में ही शायद 12 हजार करोड़ रूपए डकार लिए गए हैं। यह देखते हुए कि, एन.टी.पी.सी. ने वर्ष 2022 में अडानी को 17.3 मिलियन टन इण्डोनेशियाई कोयले का ऑर्डर किया था, ऐसा प्रतीत होता है कि, सार्वजनिक क्षेत्र और इस तरह करदाताओं को लूटा गया है। ये बिचौलिए कौन हैं? एक तो है चांग चुंग-लिंग के स्वामित्व वाली ताइवान की फर्म "हाय लिंगोस" और दूसरी है दुबई में मोहम्मद अली शाबान अली के स्वामित्व वाली "टॉरस" व तीसरी फर्म है सिंगापुर की "पैन एशिया ट्रेडलिंक", जिसका स्वामित्व अडानी के एक पूर्व कर्मचारी के पास है।

ये नाम ऐसे हरेक व्यक्ति के लिए परिचित नाम हैं जो अडानी के महाघोटाले पर नज़र रखे हुए हैं। केवल दो माह पहले ही पता चला था कि, चांग और शाबान अली के पास, अडानी एन्टरप्राइजेज़ की बेनामी होल्डिंग्स, अडानी पोर्ट्स व स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन, अडानी पावर और अडानी ट्रांसमीशन में 8 से 14 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। यह काम मॉरीशस, यू.ए.ई. और ब्रिटिश वर्जिन आइलैण्ड्स की शैल कंपनियों के जरिए किया गया, जो कि सेबी के कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है। रमेश ने जोर देकर कहा कि, अडानी महाघोटाले का रेखाचित्र दिनों-दिन स्पष्ट होता जा रहा है।

वक्तव्य में कहा गया है कि, डी.आर.आई. ने पूर्व में एक आयातित पावर जनरेशन उपकरण की ओवर बिलिंग के साक्ष्य पाए थे। अब हमारे पास इसके प्रमाण हैं कि अली आयातित कोयले की कीमत को भी अडानी बढ़ाचढ़ा कर बता रहे हैं और चांग व अली द्वारा ही 52 प्रतिशत की मार्जिन राशि डकारी जा रही है, जो इस धन को घुमाफिरा कर अडानी के शेयरों में निवेश कर उनकी कीमतों में घटत-बढ़त कर रहे हैं। बढ़ी हुई शेयर कीमतों ने कुछ ही वर्षों में इन शेयरों की कीमतों मे 2 हजार प्रतिशत तक का उछाल ला दिया, जिससे अडानी को अपने और प्रोजैक्ट्स को फायनैंस करने के लिए और धन मिला।

रमेश ने पूछा कि, ये प्रोजैक्ट्स कहां से आते हैं? स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री से। प्रधानमंत्री की मदद से इन फण्ड्स का उपयोग एयरपोर्ट्स, पोर्ट्स, डिफैन्स और कई अन्य सैक्टर्स में एकाधिकार बनाने में किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की मदद से, कम्पीटीशन को मैनेज करने के लिए ई.डी., सी.बी.आई. और इनकम टैक्स का इस्तेमाल करके यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि, धन सीधा अडानी के हाथों में जाए। प्रधानमंत्री की मदद से अडानी को बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे मित्रवत् पड़ोसी देशों में भी कॉन्ट्रैक्ट्स मिलते हैं और इसके बदले में भाजपा को भरभूर मात्रा में इलैक्टोरल बॉण्ड फण्ड्स मिलते हैं ताकि वह अपनी इच्छानुसार विधायक खरीद सके और विपक्षी पार्टियों में तोड़फोड़ कर सकें।

मुख्य बात यह है कि अडानी और प्रधानमंत्री ये धन भारत की जनता से ऐंठ रहे हैं।

### रविवार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सीटों पर विचार विमर्श किया है तथा इस विषय पर एक और मीटिंग होगी। पहली मीटिंग 7 अक्टूबर को हुई थी।

भाजपा ने, प्रत्याशी घोषित करने में देरी के लिए कांग्रेस पर व्यंग कसा है। जबकि, भाजपा तीन लिस्ट जारी कर चुकी है। संबंधित घटनाक्रम में, भाजपा ने इस बात से इन्कार कर दिया कि, वो सिविल एविएशन मिनिस्टर, ज्योतिरादित्य सिंधिया को विधानसभा का टिकट देने वाली है। भाजपा ने कहा यह एक अफवाह है।

### न्यूज़क्लिक की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पुलिस के स्पैशल सैल ने 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। पूर्व में 9 अक्टूबर को दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूज़क्लिक के संस्थापक व उनके सहकर्मी की याचिकाओं पर निर्णय सुरक्षित रखा था। पुलिस ने 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधियों, आतंकवादी कृत्य के लिए धन जुटाने, गवाह को धमकी देने और आई.पी.सी. की धारा 153 ए और 120 बी से संबंधित आतंकवाद विरोधी यू.ए.पी.ए. की धारा 13, 16, 17, 18 और 22 के तहत मामला दर्ज किया था।

### पवन खेड़ा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थी, नहीं चाहते हैं कि डिज़ाइन बॉक्स पार्टी का कोई काम करे, पर, इतने लम्बे समय से वे गहलोत की छाया में रहे हैं कि, एक स्वतंत्र रुख लेना उनके लिये मुश्किल है।

भाजपा को सर्वे लीक होने के बाद, अरोड़ा की स्थिति बचाव करने लायक नहीं रह गयी, पर क्या उन्हें बर्खास्त किया जायेगा, यह अभी अटकलों के दायरे में है, क्योंकि ए.आई.सी.सी. में बहुत सी ताकतें है, जो गहलोत के करीब हैं, और इस ढांचे को तोड़ना राहुल गाँधी के लिये आसान नहीं है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908

## सी.एल.जी. की बैठक आयोजित

**फुलेरा ( निसं )।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को सायं 5 बजे सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी एवं पुलिस मित्र की आवश्यक बैठक का आयोजन थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम थानाधिकारी राठौड़ ने सभी आगन्तुकों का अभिनन्दन किया। तत्पश्चात बैठक में आगामी त्यौहारों व विधानसभा चुनाव में सुरक्षा सहित अन्य कई बिन्दुओं को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर थानाधिकारी ने कहा कि आगामी समय में नवरात्रि, दशहरे के त्यौहारों के साथ साथ शादियों और चुनावों का दौर है। जिस वजह से क्षेत्र में सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के साथ हम सभी की बढ़ जाती है। क्योंकि चुनाव में जाप्ता लग जाने से स्टाफ के साथ संसाधनों पर दवाब बढ़ेगा। इसके साथ ही बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए सभी सदस्य सक्रिय रहे। इसी क्रम में आगे बताया कि क्षेत्र में त्यौहार के समय में आपराधिक प्रवृति के लोग भी सक्रिय हो जाते है। जिस वजह से अपराध होने की काफी आशंका बढ़ जाती है। इस लिए थानाधिकारी ने क्षेत्र में आमजन के साथ- साथ व्यापारी वर्ग को भी सचेत रहने की अपील की है।

# कलेक्टर व एस.पी. ने हरियाणा सीमा से लगे चेक पोस्टों का निरीक्षण किया

**कोटपूतली,( निसं )।** आचार संहिता की अनुपालना को लेकर शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलक्टर आईएएस शुभम चौधरी व एसपी रंजीता शर्मा ने देर रात तक हरियाणा बॉर्डर से लगे माजरी कला चेक पोस्ट, भगवाड़ी कला, गोनेड़ा चेक पोस्टों का निरीक्षण किया।

उन्होंने विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि हरियाणा बॉर्डर से लगे क्षेत्र में विधानसभा आम

- **आम चुनाव 2023 के दृष्टिगत अवैध शराब की ब्रिकी पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए**



कोटपूतली में पुलिस चैक पोस्ट का एसपी रंजीता शर्मा व कलक्टर शुभम चौधरी ने निरीक्षण किया।

चुनाव 2023 के दृष्टिगत अवैध शराब की ब्रिकी और परिवहन पर कड़ी नजर रखी जावे। इस मामलों में त्वरित और कड़ी कार्यवाही की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि, आबकारी विभाग द्वारा चुनावों के मद्देनजर अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री तथा परिवहन पर कड़ी नजर रखी जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे स्थित ढाबों के आसपास शराब की बिक्री नहीं हो। इसके अलावा रोकथाम के लिए बनाई गई चौकियों के माध्यम से ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि नारकोटिक्स, पुलिस, सेंट्रल एक्ससाईज व परिवहन विभाग संयुक्त रूप से ऐसी गतिविधियों के खिलाफ कार्यवाही करें।

जिले की सीमाओ पर स्थापित नाकों पर भी पैनी नजर रखी जावे तथा प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि, पुलिस तथा आबकारी विभाग के अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर अवैध शराब व मादक पदार्थों की ब्रिकी पर कड़ाई से रोकथाम के लिए संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध शराब के व्यापार में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर उचित कार्यवाही की जायें।

## युवा संसद का आयोजन आज

**टोंक।** जिला माली (सैनी) समाज की युवा संसद का आयोजन 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के महादेवाली महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में किया जायेगा। जिसमें इस बार विधानसभा चुनाव में समाज की भूमिका पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा।

माली (सैनी) समाज के जिला संरक्षक कमलेश सिंगोदिया और जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की प्रमुख राजनीतिक दल (भाजपा-कांग्रेस) से माली (सैनी) समाज टोंक जिले की चार विधानसभाओं में से एक विधानसभा सीट पर टिकट की मांग कई वर्षो से करता आ रहा है। विधानसभा टिकट की मांग को लेकर बीते कुछ महिनों पूर्व समाज का विशाल राजनैतिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

जिसमें भी समाज के पंच-पटेलों द्वारा दोनो पार्टियों से एक सीट पर समाज को विधायक प्रत्याशी बनाये जाने की मांग रखी है। हालांकि जिला संरक्षक कमलेश सिंगोदिया ने यह भी बताया कि जिले में 1 लाख 25 हजार माली मतदाता हैं, जिसमें से बहुसंखा में भाजपा का पारम्पारिक वोट बैंक माना जाता रहा है उसके बाद भी भाजपा कोई महत्व नही दे रही है।

## किरण का नेशनल कैम्प में चयन

**मालपुरा ( निस )।** हाल ही मे चितौडगढ के बडी सादडी मे आयोजित हुई 67वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के कडे मुकाबलो मे मालपुरा निवासी खिलाडी छात्रा किरण शर्मा पुत्री रवि शर्मा निवासी बृजलाल नगर के उत्कर्ष व शानदार खेल प्रदर्शन पर चयन समिति ने खिलाडी छात्रा का नेशनल कैम्प के लिए चयन किया।

टीम प्रभारी राकेश गोयल, प्रशिक्षक ललिता टेलर, उपेन्द्र यादव एवं महेन्द्र कुमार शर्मा के अथक प्रयासो से खिलाडी छात्रा लगातार एक के बाद एक प्रतियोगिता मे खेल कौशल का प्रदर्शन कर नेशनल कैम्प तक चयन होने पर खेल प्रेमियो व ईष्ट मित्रो सहित अखिल भारतीय च्यवनगौड ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र तिवाडी,उपाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा,सहित समाज बंधुओ ने खिलाडी छात्रा को बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के जीडीएमएल पटवारी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया । महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर सुमित्रा गुप्ता ने बताया किविनोद शर्मा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अजय सिंह ब्लाक विकास अधिकारी-स्वीप प्रभारी ,परमवीर सिंह चुनाव, हेमराज वर्मा, अशोक शर्मा स्वीप टीम के सदस्यों द्वारा मतदान प्रक्रिया प्रणाली के संदर्भ में स्वागत किया गया।

- **छात्राओं को पोलिंग बूथ , मतदान मशीन का उपयोग किए जाने का तरीका समझाया**

ए.सी.बी.ओ. ने छात्राओ को पोलिंग बूथ , मतदान मशीन का उपयोग किए जाने का तरीका, निष्पक्ष चुनाव व घर बैठे मतदान करने का तरीका समझाया । स्वीप प्रभारी ने चुनाव देश का महत्वपूर्ण हिस्सा लोकतंत्र की नींव एवं मतदाता को स्वयं पर गर्व करते हुए लोकतंत्र महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका बताया। चुनाव अधिकारी ने स्वीप प्रकिया ,पोलिंग बूथ जाने पर सूची में नाम नहीं दर्ज होने पर बी एल ओ से संपर्क करके अपना नाम सूची में जुड़वाकर तुरंत अधिकार पूर्ण अपना मतदान करने प्रतिक्रिया के बारे में बताया।कई बार मतदाता पोलिंग बूथ पर मतदान नहीं देता है तो उसके लिए आप सभी को प्रयास करना होगा। अशोक कुमार ने मतदान हेतु हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ दिलवाई। व्याख्याता गजेंद्र स्वामी के नेतृत्व में छात्रा निशा सोनी,पूनम कुमावत द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली बनवाई गई व पोस्टर बनवाये गए तथा स्वीप मानव श्रृंखला भी बनवाई गई। इस दौरान समस्त व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

# 'विधानसभा चुनाव को लेकर आमजन पुलिस प्रशासन का करें सहयोग'

**पावटा।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर प्रागपुरा थाने पर सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों, पुलिस मित्रों की

- **प्रागपुरा थाने पर सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों व पुलिस मित्रों की बैठक आयोजित**
- **भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सिविल एप के बारे में सभी सदस्यों को दी जानकारी**

बैठक गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली दिनेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली दिनेश यादव ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से आमजन के बीच जाकर विधानसभा



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश यादव ने सीएलजी की बैठक ली।

चुनावों को लेकर आमजन से शांति व्यवस्था बनाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने चुनावों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सिविल एप के बारे में सभी सदस्यों को जानकारी देते हुए उनके मोबाईल में एप डाउनलोड करवाया तथा इस बात का भी आग्रह किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों से उक्त एप को मोबाईल फोन में डाउनलोड करवाये। बैठक में चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, रमेश बंसल, पूर्व जीएसएस डाईटेक्टर नीरज सैन, राजीव डेहरवाल समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने 35 लीटर हथकढ़ शराब जप्त की

**मालपुरा,( निसं )।** विधानसभा चुनाव 2023 के निष्पक्ष एवं निर्विवाद पारदर्शी मतदान को लेकर उपजिला कलेक्टर मनोज कुमार ने गुरूवार को मालपुरा विधानसभा भाग संख्या 94 के मालपुरा व टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के थानाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए बिना स्वीकृति अवैध रूप से चल रही शराब व डोडा पोस्त की ब्रांचों पर छापामार कार्यवाही कर धरपकड़ के आदेश दिये हैं।

एसडीएम कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक में उपजिला कलेक्टर ने मालपुरा, टोडारायसिंह, मोर, लाम्बाहरिसिंह, पचेवर, डिग्गी थानाधिकारियों से सम्बन्धित थाना क्षेत्र में स्वीकृत शराब व डोडा पोस्त के ठेकों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित ब्रांचों की रिपोर्ट लेते हुए कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक पार्टियों से जुड़े प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा आमजन को शराब व मादक पदार्थ परोस मतदाता को प्रभावित करने के प्रयासों पर समय रहते रोकथाम सुनिश्चित की जावें। विधानसभा क्षेत्र में लगाये गये 112 पुलिस पैट्रोलिंग टीम को तत्काल सूचना दे समय रहते त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जावे। बीते 5 साल के आंकडों पर नजर डाले तो विधानसभा क्षेत्र में गांजा, अफीम व डोडा सहित हथकड शराब के परिवहन की शिकायतों की लम्बी सूची सामने आई है। गुरूवार को आबकारी थाना मालपुरा एवं मोर थाना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से रतवाई मोड के पास जंगल में छापामार कार्यवाही कर 2400 लीटर वॉश नष्ट कर 35 लीटर हथकड़ शराब जप्त करते हुए मौके पर तीन भट्टियों को नष्ट किया गया।

## महिला जागरूकता को लेकर नवाचार

**दौसा ( निसं )।** आगामी विधानसभा चुनाव में खासकर महिला मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर जिला परषिद दौसा के मुख्य कार्यकारी अधकारी धारा सिह मीणा की अध्यक्षता में नवाचार के रुप में जिले की महिला सुपरवाइजर्स की स्वीप मीटिग जिला परिषद जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। जिले से आई समस्त सुपरवाइजर को संबोधित करते हुए स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी सीईओ धारा सिंह मीना ने कहा कि महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए महिला अधिकारिता विभाग एवं बाल विकास विभाग को मिलकर सघन प्रयास करने होंगे।

# बच्चों व महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**श्रीमाधोपुर।** अग्रवाल समाज भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत 11 दिवसीय कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन समाज अध्यक्ष बाबुलाल चौधरी तथा अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष बजरंग लाल अमरसिरया के नेतृत्व में आयोजित हुए।

एकल नृत्य प्रतियोगिता के सहसंयोजक क्षमा कायल व सुमित गिनोडीया बताया कि आज शुक्रवार को तीन प्रकार की एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 10 तक के बालक बालिकाएं व 9 वर्ष से अधिक अविवाहित बालिकाएं और विवाहित महिलाओ ने नृत्य किया। कक्षा 6 से 10 बालक बालिकाएं एकल नृत्य प्रतियोगिता में विजिता अग्रवाल ने प्रथम स्थान ,मुस्कान अग्रवाल ने द्वितीय स्थान व मुदित गोपाल का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही महिला मंडल अध्यक्ष कनक गुप्ता ने बताया कि शनिवार को सिक्को की शतरंज प्रतियोगिता , निशानेबाजी प्रतियोगिता व शाम को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा । अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष बाबूलाल जी चौधरी ने बताया कि रविवार 15 तारीख को महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से होगा।

# वर्ल्ड कप क्रिकेट पर सट्टा खेलते दो आरोपी गिरफ्तार



पुरानी टोक थाना क्षेत्र पुलिस ने सटटा खेलते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **मोबाईल, लेपटॉप, चार्जर, इलेक्ट्रिक बोर्ड, हिसाब रजिस्टर, कैलकूलेटर सहित 16,78,850 रूपये की हार-जीत का लेखा जोखा जप्त**

**टोंक।** पुरानी टोक थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर क्रिकेट विश्वकप सट्टे की खाईवाली करते पुलिस ने दो आरोपियो को दरबोचा, जनके कब्जे से मोबाईल, लेपटॉप, चार्जर, इलेक्ट्रिक बोर्ड, हिसाब रजिस्टर, कैलकूलेटर सहित 16,78,850 रूपये की हार-जीत का लेखा जोखा करते दो मुल्जिमो को गिरफ्तार किया गया है।

उक्त कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा व अति0 पुलिस अधीक्षक टोंक आदर्श चौधरी, के आदेशानुसार व सलेह मोहम्मद वृताधिकारी वृत टोंक, के निर्देशानुसार थानाधिकारी उदयवीर सिंह थाना पुरानी टोंक के नेतृत्व मे स्पेशल व लोकल माईनर एक्ट की कार्यवाही हेतु थाना से रामगणेश मय जाप्ता के टीम गठित की गई। थाना हाजा की टीम व डीएसटी टीम को मुखबीर खास ने सूचना दी कि नईम मिया पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी वार्ड. न. 44 मोहम्मद नगर कालोनी पुरानी टोंक अपने मकान में क्रिकेट विश्वकप के मैंचो पर सट्टा चला रहा है, जिस पर रामगणेश मय जाप्ता व डीएसटी टीम के नईम मिया के मकान में उसके घर पर पंहुच कर दबिश दी तो दो व्यक्ति सट्टा उपकरण मोबाईल, लेपटॉप, चार्जर, इलेक्ट्रिक बोर्ड, हिसाब रजिस्टर, कैलकूलेटर से क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 पर सट्टा खेलते हुये मोबाईल पर मैच देख रहे थे तथा नईम मिया रजिस्टर में एन्ट्री कर रहा था, जिसके रजिस्टर को चौक किया गया तो उसमें आज का कुल 16,78,850 रुपये के सट्टे की हार-जीत का लेखा-जोखा लिखा हुआ था।

जिस पर दो मुलजिमान नईम मिया, एवं सलमान को गिरफतार किया जाकर उनके कब्जे से सट्टा उपकरण बरामद जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । मुलजिमानो के विरूध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## राष्ट्रपति पुरूस्कार के लिए चयनित

**कोटपूतली ( निसं )।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय के दो रोवर्स का राष्ट्रपति पुरूस्कार हेतु चयन होने पर रोवर रितिक कुमार मांडैया व भवानी शर्मा का अभिनंदन किया गया। साथ ही रोवर्स लीडर प्रो. शीशराम यादव व कपूर चंद वर्मा का भी अभिनंदन किया गया।

प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सिंह यादव ने शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करने के साथ रोवर्स को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रपति पुरूस्कार के लिए राजस्थान से वर्ष 2018 से 2021 के मध्य 13 रोवर्स का चयन हुआ। जिसमें राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय के विधार्थी रोवर रितिक कुमार माण्डैया व भवानी शर्मा भी शामिल है।

इस मौके पर वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. उर्मिल महलावत, प्रो. मधु नागर, प्रो. सुरेश कुमार यादव, प्रो. रघुवीर सिंह, प्रो. विजय सिंह यादव, प्रो. सीमा पंत, प्रो. नीरू, प्रो. प्रभात शर्मा, प्रो. सुबिता चौधरी, प्रो. बाबूलाल मीणा, प्रो. देशराज यादव, प्रो. हरिराम धनेटिया, प्रो. मालीराम मीणा, प्रो. चन्दमोहन राजोरिया, प्रो. रामपाल मीणा, प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. पदमा मीणा, प्रो. सुमन पूनियां, प्रो. ज्योति पाठक व प्रो. योगेश कुमार सहित महाविधालय स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

# 'बालक नाथ योगी को प्रत्याशी बनाए जाने पर उठाए सवाल'

**तिजारा ( निसं )।** पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने भाजपा से टिकट कटने पर मैनाकी, शाहाबाद, कबीरपुर, राईखेड़ा, ढाकी, बंदड़ा कलगांव, हिंगवाहेड़ा, माजरी गुर्जर, बिरामपुर, राजधौकी, भुडकी और असलीमपुर में चुनावी दौरा किया। इस दौरान उनके साथ पहुंचे नेताओं ने अपने विचार रखें सभी ने एक स्वर में बोला कि भारी भागो तिजारा बचाओ तिजारा के युवाओं को भविष्य और तिजारा की समस्याओं को निदान करने के लिए केवल लोकल प्रत्याशी होना चाहिए।

इस दौरान पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने अपने भाषण में कहा कि पहले स्व. चांदनाथ जी और अब महन्त बालक नाथ जी दोनों सांसद रहे और उनके कार्यकाल में आपने देखा होगा कि तिजारा में कोई विकास कार्य नहीं करवाया गया। इन्होंने केवल और केवल बहरोड में विकास कार्य करवाए और तिजारा को सुना छोड़ दिया।

सांसद बनाने में तिजारा की अहम भूमिका रही है लेकिन विकास के नाम पर एमपी बजट से हमारा जो हिस्सा है वह नहीं मिला और पिछले साढे तीन साल में बालक नाथ तिजारा में कितनी बार आए यह भी देखने वाली बात है आए हैं तो हाईवे हाईवे से होकर गुजर गए हैं कभी तिजारा में रुके नहीं। तिजारा शहर 3 दिन तक बंद रहा उस दौरान भी बाबा कहीं दिखाई नहीं दिए ना ही बाबा ने फोन पर संपर्क किया और समस्या का हाल-चाल नहीं पूछा यदि बाबा हमारी समस्याओं के लिए नहीं आएंगे तो आगे आने की उम्मीद भी नहीं है तो निर्णय आपको करना है कि आने वाले चुनाव में आपको किसे विधानसभा भेजना है जो आपकी हक की लड़ाई लड़ सके। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि हमें अपना विधायक लोकल चाहिए यह बाबा नहीं चाहिए यह बाबा कहीं हमें दिखाई नहीं देगा हमें अपनी समस्याओं के लिए भी दर-दर भटकना पड़ेगा और ना यहां की समस्याएं इनको बता पाएंगे ना यह हमारी समस्याओं का हल कर सकेगा तो इसलिए सभी ग्रामीणो ने पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह को विश्वास दिया कि आने वाले चुनाव में हम आपको ही वोट देंगे।

इस दौरान रामेश्वर सैनी पूर्व चैयरमेन तिजारा, महेंद्र यादव बी ई ई ओ सरपंच लुहादेरा, दिनेश सरपंच गेलपुर, गंगा सिंह, राज यादव बिरमपुर, मंगतू रामपुर सरपंच सिलारपुर राजीव यादव पाटन कला, भभड नेताजी, गुल्लू यादव पार्षद तिजारा, महेंद्र पोसवाल पूर्व पंचायत समिति सदस्य, सुबे सिंह मेघवाल सरपंच बुरेडा, रामकुमार पोसवाल, लखीराम, सुबे सिंह राजधौकी सरपंच, अशोक सरपंच असलीमपुर, लालाराम सरपंच शाहाबाद, प्रकाश फौजी गैलपुर, मोहर सिंह खिजूरिवास आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### दीक्षान्त समारोह का आयोजन

**दूदू, ( निसं )।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान सभागार में दीक्षान्त समारोह का आयोजन उपखण्ड अधिकारी युगान्तर शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संस्थान में प्रशिक्षण पाप्त कर प्रथम व द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे प्रशिक्षणाथियों को अंक तालिका व प्रमाण पत्र देक सम्मानित किया गया। समारोह में ए के नागर सेवानिवृत संयुक्त निदेशक, तहसीलदार कमलेश गौतम सहायक निदेशक दिव्या जवडकर एवं प्रशिक्षणार्थी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### चोरी का ट्रेक्टर पकड़ा

**टोंक ( निसं )।** उपखंड के नवनिर्मित थाना झिराना में नवनियुक्त थाना प्रभारी राजकुमार नायक द्वारा नियुक्त होने के बाद क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगना तय हो गया है । जिससे क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ रही हैं। गुरुवार को वाहन चोरी के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करतें हुए चोरी गये ट्रैक्टर को पकड़ा झिराना थाना प्रभारी ने बताया 8अक्टूम्बर को गांव सीतारामपुरा बासडा निवासी शंकर दान के घर के सामने से ट्रैक्टर चोरी होने की रिपोर्ट मिली थी जिस के लिए टीम गठित की गई जिसमें स.उप. पन्ना लाल कांस्टेबल कान्हाराम कांस्टेबल किशन कांस्टेबल प्रकाश चन्द द्वारा ट्रैक्टर की तलाश कर जप्त कर झिराना थाने में खड़ा करवारकर अनुसंधान शुरू किया।

### आग से 20 ट्रॉली कड़बी जली

**पीपलू ( निसं )।** उपखंड क्षेत्र के झिराना थाने में एक किसान के बाड़े में रखी कड़बी में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने का मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित चौथमल व दशरथ चौपड़ा ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि 10 अक्टूबर की मध्य रात्रि को बाड़े में रखी कड़बी में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। जिससे खेतों से 20 ट्रॉली ज्वार की कड़बी काटकर पशुओं के चारे के लिए संग्रहित किया था जो आग में जलकर राख हो गई। ग्रामीणों द्वारा आग लगने की सूचना पर मौके पर भी पहुंचे तथा परिजन व आसपास के लोग दौडक़र पानी व मिट्टी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं टोंक से फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। हालांकि दमकल के आने से पहले ही कड़बी जलकर राख हो चुकी थी। इससे किसान को करीब 2 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि पीड़ित द्वारा गुरुवार देश शाम को दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सहायक उपनिरीक्षक पन्नालाल को जांच सौंपी गई हैं।

### 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**श्रीमाधोपुर ( निसं )।** कस्बे व कई ग्रामीण इलाकों में शनिवार को सवेरे 4 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। डिस्कॉम के जेईएन संदीप द्विवेदी व शहर फीडर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत ने बताया कि दीपावली को लेकर मेंटेनेंस कार्य के चलते सवेरे 7 बजे से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।इस दौरान 33 केवी जीएसएस श्रीमाधोपुर, हांसपुर, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास, बस्सी, तिवाड़ी की ढाणी, कंचनपुर, जोरावरनगर, हॉस्पिटल फीडर में पेड़ कटिंग्स का काम किया जाएगा। जिससे बाइपास रोड, महावीर दल, मीणों का मोहल्ला, श्याम पार्क, एमजी कॉलज, वन विहार कॉलोनी, पेट्रोल पंप, आईटीआई संस्थान व इनके आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति चार घंटे बंद रहेगी।

### प्रतियोगिता का आयोजन करवाया

**सांभरझील ( निसं )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खण्डेल में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केसर लाल वर्मा द्वारा की गई, उक्त कार्यक्रम में खंडेल सरपंच प्रतिनिधि धैर्यवर्धन, तालुका विधिक सेवा समिति प्रभारी चान्दमल सांभरिया, प्रधानाचार्य जितेंद्र टुटेजा आदि मौजूद रहे। शारीरिक शिक्षक चेतना भट्ट व जोधाराम रैगर ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 पीओ क्षेत्र के अधीन आने वाली स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें कबड्डी, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद सहित अन्य प्रतियोगिताए आयोजित हुई।

### संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर ( निसं )।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर डॉक्टर राजेश सिंह मंगावा ने आदर्श आचार संहिता के मध्य नजर क्षेत्र के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हांसपुर , ढाबावाली उप स्वास्थ्य केंद्र, शिवरामकाबास, खनीपुरा, सीमारला , गीदावाला, कोटडी सिमारला , नालोट , रतनपुरा, घाटमदास ,सीहोड़ी, होल्याकाबास ,पृथ्वीपुरा का औचक निरिक्षण किया जिसमें उप स्वास्थ्य केंद्र शिवरामकाबास में कार्यरत एएनएम श्रीमती संपत शर्मा बिना सूचना के अनुपस्थित मिली जिसको कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबावाली व सब सेंटर गीदावाला में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर इनको इस बाबत आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

### प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देश जारी

**टोंक ( निसं )।** विधानसभा चुनाव-2023 की आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रिटिंग प्रेस संचालकों को पंपलेट, पोस्टरों एवं अन्य मुद्रण सामग्री के प्रकाशन से पूर्व चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना करना अनिवार्य होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क एवं 127-ख की पालना करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि प्रकाशक के पहचान की घोषणा उसके द्वारा हस्ताक्षरित एवं दो व्यक्तियों जिनको वह व्यक्तिश: जानता है, सत्यापित कर दो प्रतियों में मुद्रक को देनी होगी। उन्होंने बताया कि मुद्रण के पश्चात् प्रकाशित पंपलेट, पोस्टर एवं अन्य मुद्रित सामग्री की प्रति जिला निर्वाचन अधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट के कक्ष में दिया जाना अनिवार्य होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन पंपलेट या पोस्टर से तात्पर्य हैंड बिल या अन्य दस्तावेज से है जो किसी अभ्यर्थी के निर्वाचन को प्रोत्साहित करने या पक्षपात एवं प्रतिकूल करने के लिए वितरित किया जाये। उन्होंने बताया कि पंपलेट एवं पोस्टर प्रकाशन के पश्चात चार-चार प्रतियां संबंधित प्रपत्र के साथ तीन दिवस की अवधि में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाया जाना अनिवार्य होगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी का मंथन

**टोंक ( निसं )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी टोंक के सभागार में जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आरसीपी परियोजना को लेकर तथा आगामी विधानसभा चुनाव की चर्चा की गई । बैठक में जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि ईआरसीपी एक ऐसी परियोजना है, जिसमें राजस्थान के एक बड़े हिस्से को फायदा मिलेगा । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि राजस्थान में परियोजना लागू की जाएगी, लेकिन अब केंद्र सरकार अपने वादे से मुकर रही है, यह राजस्थान की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को बहुत फायदा पहुंचा है । इस अवसर पर देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी मीणा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, पार्षद शब्बीर अहमद, युसूफ यूनिवर्सल, दिनेश चौरसिया, सीपी श्रीवास्तव, एड. मूलचंद बैरवा, शिवजीराम, रोनित जैन, इमरान पहलवान, जर्रार खान, मनीष चौकी, हनुमान यादव, रामावतार टांक, एड. अक्षय बैरवा, सुरेंद्र रैगर, विनोद मराठा, राजेश किराड़ एवं अकबर गुलजार आदि मौजूद थे।

### प्रशासन एवं पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**राजगढ़, ( निसं )।** राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका क्षेत्र राजगढ़ में आचार संहिता की पालना एवं मतदान को लेकर उपखंड प्रशासन एवं पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च को लेकर कस्बे में चर्चा छाई रही। शुक्रवार शाम को कस्बे के मेला चौराहे से माचाड़ी चौक गणेश मंदिर तक उपखंड मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश मीणा एवं उप अधीक्षक के उदय सिंह मीणा सहित अन्य अधिकारियों ने पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया। उपखंड मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश मीणा ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान एवं आचार संहिता की पालना को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। आचार संहिता की पालना नहीं करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार जुगिता मीणा एवं थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा सहित पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।


MARUTI SUZUKI ARENA
9 दिनों की नवरात्रि.
9 स्टाइलिश मारुति सुज़ुकी एरीना कार्स.
घर में कीजिए खुशियों का आगमन हमारे स्पेशल फेस्टिव ऑफ़र्स के साथ.
बड़ी बचत
WAGONR ₹46 000*
ALTO K10 ₹67 000*
S-PRESSO ₹66 000*
CELERIO ₹71 000*
EECO ₹29 000*
SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Pre-approved loans
Multiple financiers
Custom generated loans
Loan status tracking
Scan to know more.
ALSO AVAILABLE VIA SUBSCRIPTION. SCAN TO KNOW MORE.
www.marutisuzuki.com/subscribe
SCAN THE QR CODE TO SELL YOUR CAR NOW.
SCAN TO CHAT WITH US
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 0141-6765318, 8302290000. PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009.
*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. It is inclusive of Consumer offer, Exchange Offer, Corporate/Rural Offer (wherever applicable) and Pre festive Booking offer(on selected variants of Alto K10, Eeco & Celerio). Pre festive booking offer is valid till 14th Oct 2023. All other offers are valid till 31st Oct 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models/variants and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purpose only. *All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.